शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 179 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 25 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गुरुपूर्णिमा महोत्सव




*On the auspicious day of Guru Purnima, all devotees were blessed with the peace-loving vibrations radiating from the very presence of our Divine Gurudeva who is ever-serving all through his immeasurable loving power and spiritual guidance ...*

*Devotees came from near and afar to receive the abundant blessings...*

*Ever...Ever.... Blessed to have the impeccable guidance of our Spiritual Master.*

( Gurudeva - Swami Shree Yogi Satyam )











जन्मों जन्मों से मनुष्य शाश्वत-सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि, ज्ञान, शान्ति व परमानन्द की तलाश कर रहा है ,क्रियायोग में पूर्ण भक्ति इन सम्पूर्ण इच्छाओं की पूर्ति कर देता है क्रियायोग की सच्ची साधना एवं भक्ति से शाश्वत-सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि, ज्ञान, शान्ति व परमानन्द की स्वतः अनुभूति होने लगती है और पुनः साधक को इनकी तलाश नहीं करनी पड़ती है ।

गुरुदेव श्री श्री स्वामी श्री योगी सत्यम् जी











Kriyayoga Ashram and Research Institute, Jhunsi, Prayagraj

शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 179 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  गुरूवार 25 जुलाई 2024  विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ममता का अनुरोध, अपने खिलाफ एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मानहानि मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वकील एस.एन. मुखर्जी ने न्यायमूर्ति आई.पी. मुखर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है। वकील ने कहा कि उनकी जिस टिप्पणी की बात हो रही है वह दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के संबंध में सार्वजनिक दायित्व निभाने से जुड़ी है।

**मामले में गुरुवार को बोस के वकील पेश करेंगे दलील**

ममता बनर्जी के वकील ने आगे कहा कि राज्यपाल ने समाचारों का हवाला दिया है, लेकिन उन्होंने मानहानि मामले में प्रकाशनों को पक्षकार नहीं बनाया है। हालांकि इस पर पीठ ने कहा कि मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी जब राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे।

## ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स में भारत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

देश की ताकत का अंदाजा उसके पासपोर्ट से लगाया जाता है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे पावरफुल पासपोर्ट है।अब पासपोर्ट रैंकिंग की लिस्ट में भारत ने भी बढ़ोतरी की है। यूके स्थित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग के अनुसार, भारत को इस लिस्ट में 82वां स्थान मिला है। रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के आंकड़ों पर आधारित है। 2022 में भारत 87वें स्थान पर था। वहीं 2023 में भारत को 84वां स्थान प्राप्त हुआ था। भारत के पासपोर्ट पर 58 देशों में वीजा फ्री एंट्री है।

**सिंगापुर के पासपोर्ट पर 195 देशों में वीजा फ्री एंट्री**

सिंगापुर के पासपोर्ट वाले लोग 195 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं, सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट है। दूसरे नंबर पर फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और स्पेन के पासपोर्ट हैं, जिन पर 192 देशों और क्षेत्रों में वीजा फ्री एंट्री की सुविधा मिलती है। तीसरे स्थान पर आस्ट्रिया, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन हैं। प्रत्येक के पास वीजा के बिना 191 देशों तक पहुंच की सुविधा मौजूद है।

# सीएपीएफ-असम राइफल्स में 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित

## ऊपरी आयु सीमा में रियायत और व्यक्तिगत शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट देने का प्रावधान किया गया

**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) और राइफलमैन के पदों पर भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ऊपरी आयु सीमा में रियायत और व्यक्तिगत शारीरिक दक्षता परीक्षा (आईपीपीटी) से छूट देने का प्रावधान किया गया है। गृह राज्य मंत्री ने सीएपीएफ और एआर में रिक्तियों के संबंध में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में 01 जुलाई 2024 तक कुल स्वीकृत पदों की संख्या 10,45,751 के मुकाबले 84,106 है।

रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय यूपीएससी, एसएससी और संबंधित बलों के माध्यम से रिक्तियों को तेजी से भरने के लिए गंभीर कदम उठा रहा है और उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2024 के बीच 67,345 उम्मीदवारों की भर्ती की गई है। इसके अलावा, 64,091 रिक्तियों को अधिसूचित किया गया है और वे भर्ती के विभिन्न चरणों में हैं। उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि सुरक्षा बलों के आकार की तुलना में नगण्य प्रभावी रिक्तियों के साथ, ओवरटाइम का सवाल ही नहीं उठता है।



### बजट में रेल के लिए रिकॉर्ड आवंटन का सीधा लाभ राज्यों को मिलेगा: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि आज संसद में अनुदान की विस्तृत मांग प्रस्तुत की गई और बहुत ही खुशी की बात है कि इस बार बजट में रेल के लिए रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने कहा कि इसका सीधा लाभ जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित सभी राज्यों को मिल रहा है।

## पूर्व अग्निवीरों को शामिल करने के लिए उत्साहित है केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) पूर्व अग्निवीरों को बल में शामिल करने के लिए बेहद उत्साहित है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशकों ने बुधवार को अलग-अलग वीडियो संदेश जारी कर कहा कि हम पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्त करने के लिए तैयार हैं। यह महत्वपूर्ण कदम सुरक्षाबलों को मजबूती प्रदान करेगा। पूर्व अग्निवीरों को अब केंद्रीय



औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल केंद्रीय सुरक्षा बलों में पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा की थी।

आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने एक वीडियो संदेश में आज कहा कि आरपीएफ पूर्व-अग्निवीरों को आयु सीमा में रियायत और पीईटी से छूट के साथ बल में शामिल करने के लिए बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम सुरक्षाबलों को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में जो भी भर्ती आरक्षक (कांस्टेबल) के स्तर पर होंगी, उसमें भी सभी श्रेणियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। न सिर्फ आरक्षण दिया जाएगा बल्कि उन्हें आयु सीमा में छूट भी दी जाएगी। दिसंबर 2026 व जनवरी 2027 में जो पहला बैच अग्निवीरों का आर्मी, नेवी और एयरफोर्स से डिस्चार्ज होगा उनके लिए ये छूट की सीमा पांच वर्ष होगी। लेकिन उसके बाद जो बैच आएंगे उनके लिए यह सीमा तीन वर्ष होगी।

## लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं करता विपक्ष: पीयूष गोयल



### नीति आयोग की बैठक का विपक्ष ने किया बहिष्कार

नई दिल्ली

कांग्रेस सहित विपक्ष की पार्टियों के मुख्यमंत्रियों के नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार करने के फैसले की भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र सरकार के मंत्रियों ने आलोचना की। केन्द्रीय मंत्रियों का कहना है कि विपक्ष लोकतंत्र की बात करता है, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं रखता। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में आकर विपक्षी दल देश के लोकतांत्रिक और राजनीतिक ढांचे को पूरी तरह से ध्वस्त करने में लगे हुए हैं। इन्होंने यह पहली बार नहीं किया। इससे पहले भी विभिन्न विषयों पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बैठकों का विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया था। इसका कारण प्रधानमंत्री मोदी के प्रति व्यक्तिगत नफरत है। यह केवल लोकतंत्र और संविधान की बात करते हैं, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासित तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया

इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी बैठक में नहीं शामिल होने की खबरें आ रही हैं।

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था हुई बेहतर: केंद्र

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। रोजाना होने वाली हड़ताल, पत्थरबाजी और बंद रखे जाने की घटनाएं अब अतीत की बात हो गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के बाद से केंद्र शासित प्रदेश में संगठित रूप से पथराव और संगठित हड़ताल की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस साल 15 जुलाई



तक केंद्र शासित प्रदेश में 11 आतंकवादी घटनाएं हुईं। 2023 में यह आंकड़ा 46 था जबकि 2018 में 228 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 सुरक्षाकर्मी और 14 नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद शांति, प्रगति और समृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक संस्थान बिना किसी हड़ताल या किसी भी तरह की अन्य गड़बड़ी के बगैर कुशलतापूर्वक काम कर रहे हैं। राय ने कहा कि रोजाना होने वाली हड़ताल, पत्थरबाजी और बंद रखे जाने की घटनाएं अब अतीत की बात हो गई हैं। रिकॉर्ड मतदान के साथ, जम्मू और कश्मीर के लोगों ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 'परीक्षा प्रक्रिया को फ्रॉड बताने पर माफी मांगें राहुल'

### नीट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी ने उठाई मांग

**नई दिल्ली**

लोकसभा में बहस के दौरान नीट को फ्रॉड बताने पर भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया है कि नीट का पेपर व्यवस्थित तरीके से लीक नहीं हुआ है। पटना और हजारीबाग में लीक हुआ पेपर कुल 155 प्रतिभागियों तक पहुंचा था, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और



उन्हें आगे परीक्षा में बैठने पर रोक लगा दी गई है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से पिछले एक महीने से देश की परीक्षा प्रक्रिया के खिलाफ अविश्वास फैलाने और देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, वह अत्यंत शर्मनाक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए सदन के अंदर और बाहर देश की परीक्षा व्यवस्था के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने नीट दोबारा कराने से किया इनकार**

सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2022, 2023 और 2024 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करने के बाद उनमें किसी प्रकार की विसंगति नहीं पाई है। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने नीट दोबारा कराने की जरूरत नहीं बताई। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यहां तक कह दिया कि नीट की पवित्रता और ईमानदारी से कोई समझौता नहीं हुआ है।

## राजनीतिक हिंसा के खिलाफ जगन का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, समर्थन में आए आईएनडीआई गठबंधन के दल





**नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर राज्य में होने वाली कथित राजनीतिक हिंसा के खिलाफ धरना दिया। खास बात यह रही कि इस धरने में उन्हें विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को समर्थन भी मिला। जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे रेड्डी ने कहा कि 1 हजार से अधिक राजनीतिक हिंसा के मामले चुनावों के बाद हुए हैं। करीब 2700 से अधिक परिवारों को हिंसा से बचने के लिए पलायन करना पड़ा है। अब उन गांव वालों को संरक्षण देने के बजाए कहा जा रहा है कि वे वहां से छोड़कर चले जाएं। जगन मोहन रेड्डी के समर्थन में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव के बाद राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के खिलाफ हिंसा हो रही है। यह स्वस्थ लोकतंत्र में किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है। शिवसेना उद्धव ठाकरे के नेता संजय राउत और प्रियंका चतुर्वेदी ने भी जगन से मुलाकात की। जगन से तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने भी मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि जगन मोहन रेड्डी ने अपने पिता की मृत्यु के बाद कांग्रेस से अलग होकर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी बनाई थी। सत्ता में रहने के दौरान जगन मोहन रेड्डी केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार को विभिन्न मुद्दों पर समर्थन देते आए हैं। अब राज्य में सत्ता बदलने के बाद विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन उन्हें अपने साथ जोड़ना चाहता है।

## चोल वंश की कालिया मर्दन मूर्ति थाईलैंड से वापस लाई गई , भारत मंडपम में की गई प्रदर्शित

**नई दिल्ली**

चोल वंश की कालिया मर्दन मूर्ति (कृष्ण कालिया नाग पर नृत्य करते हुए) थाईलैंड से वापस लाई गई है। यह ऐतिहासिक धरोहर तमिलनाडु से चोरी कर थाईलैंड ले जाई गई थी। भारत सरकार के प्रयासों से इस ऐतिहासिक मूर्ति को देश वापस लाया गया है। इस मूर्ति को विश्व धरोहर समिति के बैठक स्थल पर प्रदर्शित किया गया है। इस विशेष



इस मूर्ति को विश्व धरोहर समिति के बैठक स्थल पर प्रदर्शित किया गया है

प्रदर्शनी में विदेशों से लाई गई 25 ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के इंचार्ज डॉ. सरजुन प्रसाद ने बताया कि कालिया मर्दन मूर्ति को 15 दिन पहले ही थाईलैंड से भारत लाया गया है। यह मूर्ति 10वीं -11वीं शताब्दी की है। इसे तमिलनाडु से चोरी कर थाईलैंड ले जाया गया था। भारत के कूटनीतिक औ? राजनीतिक प्रयासों से इसे स्वदेश लाया गया है। इस प्रदर्शनी में 25 मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें 11वीं शताब्दी की उमा माहेश्वरी, महिषासुर मर्दिनी, जैन मुनि द्वारा लिखित पत्र, 4000 साल पुरानी कलाकृतियां शामिल हैं।

## आपदा की सूची में नहीं शामिल होगा हीटवेव: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली**

**संसद** के मानसून सत्र में लोकसभा में कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत के एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2013 से शुरू होने वाले 10 साल की अवधि के दौरान भारत में अत्यधिक गर्मी और लू लगने से 10,635 लोगों की जान गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार के लिए उठाए गए कदमों से हीटवेव समेत मौसम की घटनाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को कम करने में मदद मिली है। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने पूछा कि क्या सरकार हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव रखती है। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया कि 15वें वित्त आयोग ने मौजूदा अधिसूचित सूची में और अधिक आपदाओं को शामिल करने के मुद्दे पर विचार किया था।

# अग्निवीर पर टूटे भरोसे को जोड़ना बना चुनौती

### सरकार ने 24 दिन में दूसरी बार उतारे 'आईपीएस' डीजी

**नई दिल्ली**

**सेना** में भर्ती किए जा रहे 'अग्निवीरों' पर टूटे भरोसे को लेकर केंद्र सरकार संजीदा है। खासतौर से, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'अग्निपथ' योजना को गलत बताते हुए लगातार सरकार पर हमलावर हैं। वे कह चुके हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार में इस योजना को खत्म कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी भी नियमित तौर पर अग्निपथ योजना की कमियां गिना रहे हैं। चौधरी ने अग्निवीरों के लिए आरक्षण फार्मूले पर भी सवाल उठा दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार 15 साल के



प्रशिक्षित जवान को नौकरी नहीं दे पा रही, तो महज 4 साल के प्रशिक्षित अग्निवीर को नौकरी कैसे दे सकेगी। क्या 10वीं पास अग्निवीर युवा 4 साल बाद किसी सरकारी नौकरी का पेपर पास कर पाएगा। इन सबके बीच बुधवार को दोबारा से केंद्र सरकार ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के महानिदेशकों को मैदान में उतारा है। ये महानिदेशक, 24 दिन में दूसरी बार सीएपीएफ में अग्निवीरों के लिए दस फीसदी आरक्षण, इस विषय पर बयान देने के लिए सामने आए हैं। अग्निवीर पर टूटे भरोसे को जोड़ना, सरकार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

बुधवार को सीआईएसएफ डीजी नीना सिंह ने अपने बयान में कहा है, गृह मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय के तहत सीआईएसएफ, पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्त करने के लिए तैयार है। इन्हें कॉस्टेबल पद पर नियुक्ति में 10 प्रतिशत आरक्षण और आयु व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी रियायत मिलेगी। रेलवे सुरक्षा बल के डीजी मनोज यादव ने कहा, वे पूर्व-अग्निवीरों को आयु सीमा में रियायत और पीईटी से छूट के साथ बल में शामिल करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। महानिदेशक ने कहा, ये महत्वपूर्ण कदम सुरक्षाबलों को मजबूती प्रदान करेगा बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा, यह बल 4 साल के अनुभव वाले पूर्व-अग्निवीरों को नियुक्ति देने के अनुकूल मानता है। इन्हें बल में 10 प्रतिशत आरक्षण व आयु में रियायत दी जाएगी। पीएम मोदी के नेतृत्व व गृह मंत्री के मार्गदर्शन में ये निर्णय बलों को मजबूत करेगा। एसएसबी डीजी दलजीत चौधरी ने कहा, एसएसबी ने भर्ती नियमों में बदलाव कर पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्ति के लिए आयु और शारीरिक दक्षता परीक्षा में रियायत देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से लाखों पूर्व-अग्निवीरों को आजीविका और बलों को प्रशिक्षित मैनपावर मिलेगी। सीआरपीएफ डीजी अनीश दयाल सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक निर्णय के तहत, सीआरपीएफ पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्ति में 10 प्रतिशत आरक्षण और आयु सीमा में रियायत देगा। इस कदम से बल के लिए प्रशिक्षित मैनपावर सुनिश्चित होगी।

# बंदियों को नुक्कड़ नाटक द्वारा उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में दी गयी जानकारी

**सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया गयाआयोजन**

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संतोष राय के निर्देशानुसार केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में उन्हें बताया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विधि कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें उनके अधिकार से अवगत कराया गया बंदियों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए उनके कर्तव्य का भी ज्ञान कराया गया और अच्छे आचरण के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया तथा उन्हें अन्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा संचालित योजनाओं व सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेलर डॉक्टर आलोक, शिखर वन स्टॉप सेंटर से निलिशा यादव व रोनित चौरसिया उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## किसान महापंचायत में किसानों को पहुंचने की हुई अपील

**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक बैठक मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे की अध्यक्षता मे रुदापुर गांव में की गई। जिसमें आज गुरुवार 25 जुलाई को कमिश्नरी प्रयागराज में आयोजित किसान महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। किसान यूनियन के मंडल महासचिव जगदीश नारायण तिवारी व जिला अध्यक्ष सनी शुक्ला ने क्षेत्र के समस्त किसानों से अपील की है कि वह अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कमिश्नरी प्रयागराज में पहुंचकर महापंचायत में शामिल हों तथा समस्या का त्वरित समाधान पाने में सहयोग करें। मंडल महासचिव जगदीश नारायण तिवारी, जिला महामंत्री मुन्ना सिंह, गंगापार अध्यक्ष भारत लाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष शिव मिलन गौतम, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सलीम भाई, गंगा पार उपाध्यक्ष राजनाथ गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर सपाइयों ने एसडीएम मेजा को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाकों मे इन दिनों बेपटरी चल रही बिजली व्यवस्था को लेकर आखिरकार सपाई भड़क ही उठे। सपाइयों ने मेजा तहसील मुख्यालय पर पहुंच कर नारेबाजी करते हुए एसडीएम मेजा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त न होने की दशा मे धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। इसके अलावा सपाइयों ने एसडीओ जेई पर फोन न उठाने का गंभीर आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के मेजा,उरुवा व मांडा ब्लॉक के अंतर्गत कई उपकेन्द्र आते हैं। सभी उपकेंद्रो की बिजली व्यवस्था इन दिनों बेपटरी चल रही है। उपभोक्ताओं को महज आठ से दस घंटे बिजली मिल पाना मुश्किल हो गया है। उक्त समस्या को लेकर सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव के नेतृत्व मे दर्जनों सपाई गुरुवार को दोपहर तहसील मुख्यालय पहुचें। इस दौरान सपाइयों ने बिजली की लचपच व्यवस्था एवं अधिकारियो की उदासीनता को लेकर नारेबाजी करते हुए मेजा एसडीएम दशरथ कुमार को ज्ञापन सौंपा और कहा कि क्षेत्र मे माह भर से कई ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। इलाका बुंदेलखंड घोषित होने के बाद भी बिजली महज आठ से दस घंटे ही दी जा रही है। इसमें भी संविदाकर्मी सचडाउन के जरिये बार बार ट्रिपिंग करा रहे हैं। सपाइयों ने एसडीएम को चेताया है कि जल्द ही बिजली व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नही होने पर तहसील मुख्यालय मे सपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं एसडीएम ने सपाइयों को आश्वासन देते हुए कहा की बिजली विभाग के शीर्ष अफसरों से वार्ता कर जल्द समस्या दूर कराई जाएगी। इस मौके पर अवधेश प्रजापति, शशिकांत यादव, आशीष यादव, मंगला सरोज , शीलता सरोज , संजय सरोज, अनिल यादव, सुल्तान शेख, कमलेश, इंद्रजीत, तिलकराज साहित तमाम सपाई प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे।

# लेखपाल संघ बारा : गंगा प्रसाद अध्यक्ष और हीरालाल बने मंत्री




अखंड भारत संदेश

**बारा।** लेखपाल संघ उत्तर प्रदेश की तहसील बारा इकाई का बुधवार को सर्वसम्मति से गठन किया गया। बारा तहसील क्षेत्र में तैनात सभी लेखपालों की मौजूदगी में बारा तहसील इकाई का चुनाव हुआ। इसमें गंगाप्रसाद को अध्यक्ष और हीरालाल को मंत्री चुना गया। इसी क्रम में आरिफ हुसैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नागेंद्र प्रसाद मिश्र को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मिथिलेश कुमार मिश्र को उप मंत्री, जयंत पांडेय को कोषाध्यक्ष और विनय कुमार को आय-व्यय की जिम्मेदारी दी गई। द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा किए जाने का बाद साथी लेखपालों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाई। अध्यक्ष गंगाप्रसाद ने सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और संगठन के हित में काम करने की बात कही। उन्होंने जिलाध्यक्ष राजकुमार सागर, मंत्री अवनीश पांडेय समेत जिला इकाई के पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तहसील इकाई के समस्त लेखपाल मौजूद रहे। इस मौके पर राकेशचंद्र यादव, कैलाश किशोर मिश्र, शफीख अहमद, राजकुमार पांडेय, दुर्गाप्रसाद, विकास सिंह, मुकुल कुमार यादव, विवेक बिंद, रामबाबू सरोज आदि रहे।

## एहतियातन कर्मचारियों ने बांधे लोहे के खंभों में प्लास्टिक

**सहसों।** सावन माह में शिव भक्त कांवरिये प्रयागराज से गंगाजल लेकर सुजानगंज स्थित गौरीशंकर धाम के अतिरिक्त स्थानीय शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। कोई अप्रिय घटना न घटे ध्यान में रखते हुए मलावां पावर हाउस के अवर अभियंता इंद्रसेन यादव ने विभाग द्वारा निर्देशित प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग सहित जलपान की दुकानों, मंदिरों के पास एवं भीड़ भाड़ वाले जगहों पर लगे लोहे के विद्युत पोल में प्लास्टिक लगाकर सुरक्षित किया। उन्होंने बताया समय-समय पर हमारे कर्मचारी रास्तों पर लगे विद्युत पोल या स्टे राड का अवलोकन करते हुए सुरक्षा के लिए प्लास्टिक लगाते रहेंगे। ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। इस कार्य में लगे बिजली कर्मचारियों में संदीप कुमार, राजेश प्रजापति, मनोज कुमार यादव भीम, कृष्ण कुमार यादव एवं दीपक सिंह आदि जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य में शामिल रहे।


# नैनी क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद बारिश ने दी गर्मी से राहत



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद सावन में बुधवार को झमाझम बारिश हुई। सुबह से बादल छाए हुए थे, हवा में भी नमी थीं। शाम को उमस भरी गर्मी से राहत देने के लिए मेघ बारिश की सौगात लेकर आए। शाम पांच बजे तेज बारिश हुई तो कई मोहल्ले सुखे रहे। फिर शाम सात बजे के बाद पूरे शहर में जोरदार बारिश होने लगी। बारिश से लोगों को राहत तो मिली लेकिन कई मोहल्लों में पानी भर गया। नैनी क्षेत्र में जगह जगह खोदे गए गड् में पानी भर गया। सोमवार को जब से सावन शुरू हुआ था उसी दिन लोग आसमान पर टकटकी लगाए निहार रहे थे। इस बार सावन का स्वागत भी बिना बारिश के हुआ था। बारिश होने से कई मोहल्लों में जैसे की इंडिया होटल की गली जमुना नगर में लोगों के घरों के अंदर तक पानी घुस गया। वही जमुना नगर निवासी सोनू विश्वकर्मा राकेश शर्मा शिवम मिश्रा बताते हैं कि यहां पर थोड़ा सा भी पानी बरसता है तो पानी लोगों के घरों के अंदर तक घुस जाता है। यहां पर अधिकतर सीवर लाइन भ्रष्ट हो चुकी है।

**जमुना नगर में लोगों के घरों के अंदर तक पानी घुस गया**



## सावन के गंगा के तट पर शिवलिंग बना कर अभिषेक करने से होता है समस्त दुखों का नाश- पं० श्याम सूरत पाण्डेय

त्रिवेणी बाँध पर अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण जारी अभिषेक एवं विसर्जन महायज्ञ तीसरे दिन भी अनवरत जारी




**प्रयागराज।** विश्व जन कल्याण, सर्व मनोकामना पूर्ति एवं भूतभवान भगवान शिव को समर्पित अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण विर्सजन महायज्ञ आज तीसरे दिन भी त्रिवेणी बाँध स्थित श्री राधा कृष्ण राम जानकी मन्दिर पर अनवरत जारी रहा। यज्ञस्थल पर आज विश्व बन्धुत्व ब्राह्मण महासभा के प्रतापगढ़ जनपद के जिलाध्यक्ष ललित पाण्डेय जी ने मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित होकर भूतभावन भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया। यज्ञ संयोजक एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री श्याम सूरत पाण्डेय ने कहा की माँ गंगा के पावन तट पर मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक करने से मनुष्य की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और समस्त दुखों का नाश हो जाता हैं। संस्था के प्रवक्ता एवं महासचिव सत्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा की भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग को अपने हाथों से निर्मित कर उनका अभिषेक एवं पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। श्री पाण्डेय ने समस्त शिवभक्तों से यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया। सम्पूर्ण सावन मास (20 अगस्त) तक अनवरत चलने वाले अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण अभिषेक एवं विसर्जन महायज्ञ के आज तीसरे दिवस के रुद्राभिषेक आरती एवं विसर्जन में मुख्य रूप से यज्ञाचार्य पं पवन देव शास्त्री, श्री योगिराज देवरहा जंगल बाबा, अधिवक्ता सत्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ सत्या पाण्डेय, रागविराग त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय, आकांक्षा पाण्डेय, मधुबाला पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, अधिवक्ता अवधेश तिवारी सहित सैकड़ों भक्त गण उपस्थित रहे यज्ञ अनवरत जारी रहेगा।

## लाल बिहारी यादव के नेता विरोधी दल बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कोटि कोटि बधाई


**करछना।** उ. प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट प्रयागराज इकाई ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को विधान परिषद् में लाल बिहारी यादव को उनके संघर्षो एवं पार्टी के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के उच्च सदन विधान परिषद् में नेता विरोधी दल मनोनीत करने पर हार्दिक बधाई दी। समाजवादी पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। स्थानीय राम नारायण लाल इंटर कॉलेज करछना में संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में सपा कार्यकताओं एवं शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पीडीए नीति एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की पकड़ मजबूत रखने वाले लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनाया जाना उनकी दूरगामी सोच एवं पारदर्शिता का परिचायक है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वित्तविहीन एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के साथ राजकीय विद्यालयों के शिक्षको के हित में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी संघर्षो का परिणाम है। प्रदेशभर के शिक्षक मानदेय, पुरानी पेंशन तथा विनियमितीयकरण की लड़ाई जारी रहेगी। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अभय राज सिंह , प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सीताशरण सिंह , फूलचंद्र कनौजिया , बालेन्द्र गौतम , अमरबहादुर , सीबी यादव , सुरेन्द्र सिंह , शिव मूरत पटेल , प्रेमचंद्र यादव भुगाई लाल , बुद्ध राम यादव , अमरचन्द्र गुप्ता , अवधेश श्रीवास्तव, शिवमोहन पटेल , विरेन्द्र शैलेश, अरविन्द यादव , कमल चन्द्र ,सी पी मिश्र , महेंद्र द्विवेदी ,नवीन शुक्ल , रेवती रमण यादव, नीरेंद्र सिंह यादव , सर्वेश यादव ,डॉ उमेश यादव , कमलेश पुष्कर सहित अनेक वित्तविहीन शिक्षक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला को मारा पीटा गया निमार्णाधीन मकान का दीवार गिरा दी गई मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** निर्माणधीन मकान का दीवार गिरा कर महिला को मारा पीटा गया महिला ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बलकरनपुर निवासनीय अंजू देवी पुत्री राम दुलारे मऊआइमा के ग्राम मदारी में अपने पिता का मकान निर्माण करा रही थी।अंजू देवी का आरोप है कि उसके विपक्षी निर्माणधीन मकान का दीवार गिरा कर उसे मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए।अंजू देवी ने मऊआइमा थाने में चन्दन, गामा, रूककू, सुनीता देवी,अनारा देवी, ननकी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# नेता विरोधी दल विधान परिषद का प्रयागराज की धरती पर जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश



**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) के प्रदेश अध्यक्ष मा. लाल बिहारी यादव नेता विरोधी दल उत्तर प्रदेश बनने के बाद प्रयागराज में प्रथम आगमन पर फूलपुर के भोपतपुर केंद्रीय राज मार्ग पर भव्य स्वागत किया गया। संघ की जिला इकाई के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ,जिला उपाध्यक्ष फूलचन्द्र कनौजिया, कमल चन्द्र यादव और समाजवादी पाटी के वरिष्ठ नेता महाबली यादव, रमेश पासी, पंकज यादव, भारत लाल यादव, राम जतन पाल, राज कुमार पटेल, विनय यादव, प्रदीप बिन्द, राधेश्याम यादव सहित दर्जनों शिक्षकों एवं कार्यकताओं ने मालाओं से लाद दिया और माननीय अखिलेश यादव जिंदाबाद मा० लाल बिहारी यादव जिंदाबाद के उद्घोष से खुशी की लहर दौड़ गई। लाल बिहारी यादव ने कहा की मा.अखिलेश यादव जी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौपी है उसको पूर्णरूप से निभाऊंगा। विधान परिषद के आगामी सत्र में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की चिर प्रतीक्षित मांगो को पूर्ण कराने में कोई कसर नही रखूंगा। हण्डिया नगर पंचायत में संघ के मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह के नेतृत्व में नेता विरोधी दल का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष बुधराम यादव, सीता सरण सिंह, अमर बहादुर, सुरेन्द्र यादव, दीप चन्द्र यादव सहित दर्जनों शिक्षकों के साथ स्वागत किया। उक्त आशय की जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने दी।

# नये थाना प्रभारी के लिए अपराध नियंत्रण एक चुनौती

**वांछितो की गिरफ्तारी अवैध खनन भू एवं लकड़ी माफीयाओ जैसे अपराधों पर अंकुसात्मक कार्यवाही होना एक महत्वपूर्ण कदम**




**कोरांव।** थाना कोरांव पुलिस क्षेत्र मे ईन दिनों मुकदमो मे वांछित कई महीने से आरोपियों की गिरफ्तारी, क्षेत्र मे हो रहे ब्यापक पैमाने पर अवैध खनन, हरे पेड़ो की कटान, पशु तस्करी, जैसे अपराधों मे माफीयाओ की कार्यवाही व गिरफ्तारी किया जाना नये थाना प्रभारी के लिए एक चुनौती है दर असल क्षेत्र मे काफी दिनों सें डग्गामार वाहनों,और ओबर लोड के वाहनों के संचालन से सडके तो नस्ट हो ही रही है वही दूसरी तरफ राजश्व की अपूर्णीय क्षति हो ही रही है दुसरी तरफ छः सात माह से आपराधिक मुकदमो के वांछित की गिरफ्तारी न किया जाना और भू एवं लड़की माफीयाओ के विरुद्ध ठोस कार्यवाही न किए जाने से कानून एवं शांति ब्यवस्था प्रभावित तो हो ही रही है वही सरकार की मंनशाओ पर भी पानी फिर रहा है और पुलिसिया कार्यवाही पर भी ऊगली उठने लगी है ज्ञात हो की क्षेत्र मे पशु तस्करी एवं हरे भरे पेड़ो की कटान से प्रभावित हो रहे वन पर्यावरण के साथ ही अपराधों मे वृद्धि, कई महिनों सें फरार चल रहे मुल्जिमनों की गिरफ़्तारी न किया जाना जो चर्चा का विषय रहा है।

## ग्राम प्रधान के उप चुनाव में तीन पद के लिए ग्यारह प्रत्याशी

**मऊआइमा।** बुधवार को चिन्ह आवंटन होने के बाद मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र में रिक्त तीन प्रधानी के पद के चुनाव में ग्यारह प्रत्याशी मैदान में हैं। सहायक उप चुनाव अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि सराय बादशाह कुली से अंकित कुमार विश्वकर्मा, मोहम्मद मतीन, शाहनाज बानों, संतोष कुमार, हबीबुर्रहमान तथा ग्राम सभा मलखानपुर से अजय कुमार,सोनी देवी तथा मलाक बेला से निर्मला देवी,राधा देवी,रानू देवी,शीलू देवी चुनाव मैदान में हैं।छह अगस्त को मतदान होगा और आठ अगस्त को गणना होगी।

## न्यूज झरोखा

### वृक्ष धरा का आभूषण, दूर करेगा प्रदूषण- वेदिका फाउंडेशन




**नैनी।** नैनी सामाजिक सेवा को समर्पित दल वेदिका फाउंडेशन ने सावन के दिनों में अधिकतम वृक्ष लगाने की मुहिम उठायी है इसी सिलसिले में वेदिका फाउंडेशन के डायरेक्टर सुधांशु शर्मा, डेप्युटी डायरेक्टर श्रीकान्त शाह एवं सेक्रेटरी प्रदीप झा अपनी टीम के साथ नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज पहुँचे और वृहद् वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया। उसी कड़ीं में आज ऐन आई टी सी के संरक्षण महेंद्र अरोरा ने वृक्षारोपण की शुरूआत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण करना हमारी जिम्मेदारी है, पर्यावरण को बचाने के लिए यह आवश्यक है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और वायु प्रदूषण कम करते हैं, आओ हम वृक्षारोपण करें और प्रकृति को बचाएं। वेदिका फाउंडेशन के संस्थापक ने भी जनमानस तक यही बात पहुँचाने की कोशिश की कि पेड़ केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते अपितु उसे सुंदर भी बनाते है, हमारे आस पास जितनी हरियाली रहेगी हम उतने ही आशावादी और सकारात्मक रहेंगे। इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम में आस पास की ग्रामीण लोगो ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और पेड़ों की देखभाल के लिए समाज को भरोसा दिलाया। इस परियोजना के लिए एनजीओ ने स्थानीय समुदाय और सरकारी संगठनों के साथ सहयोग किया है। एनजीओ की यह पहल सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शराब की नशे में धुत बाइक लेकर युवक गिरा घायल



**मांडा।** रिश्तेदारी से होकर आ रहा युवक मस्तान शाह पहड़ी के पास एक युवक दुर्घटना का शिकार हो गया स्थनीय लोगों के सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस एसआई अरुण कुमार शुक्ला ने युवक को नजदीकी मांडा सीएचसी में ईलाज के लिए भेज दिया। बता दें कि मीलकू पटेल निवासी मडरा तहसील करछना लालगंज अपने रिश्तेदारी से होकर अपने निजी बाइक से घर जा रहा था। इसी बीच युवक की बाइक गड्ढे में गिर कर घायल हो गया। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को घर ले गए बताया जाता हैं कि युवक काफी शराब के नशे धुत था।

### भाजपा कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन किया

**नैनी।** नैनी चक भटाई वार्ड 81 के वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव की नानी का आकस्मिक निधन हो गया। वही प्रदीप तिवारी सेक्टर प्रभारी भारतीय जनता पार्टी के ससुर के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए। भाजपा के कार्यकताओं ने दो मिनट का मौनरखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव की नानी के निधन पर ईश्वर से प्रार्थना किया। ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर प्रदीप तिवारी सुनील विश्वकर्मा नीरज शर्मा उमेश सेन नित्यानंद मिश्रा सुनील कुशवाहा धर्मराज पटेल रमेश पटेल पीयूष मिश्रा कांत मिश्रा कार्यकताओं ने शोक सभा में शामिल हुए।

# करेली में बेटे ने ही की थी मां की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के भावापुर में महिला की हत्या व लूटपाट की घटना के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार बेटे सचिन पाल ने ही अपनी मां की हत्या की थी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने आरोप कुबुल कर लिया। सचिन ने पुलिस को बताया कि रोज-रोज के ताने से तंग आकर उसने ही मां की हत्या की है।आरोपी ने बताया कि हत्या करने से कुछ देर पहले ही मां ने उसकी पिटाई की थी। गुस्से में आकर उसने मसाला कूटने वाले खल के बट्टे से हमला कर मां को मौत के घाट उतार दिया। उसके खुलासे के बाद पुलिस भी हैरान रह गई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को मीडिया के सामने पेश किया। करेली थाना क्षेत्र के भावापुर मोहल्ले में रविवार रात सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए एक महिला की हत्या कर दी गई थी। यहां महिला की हत्या कर बदमाश 15 लाख नकद और पांच लाख के गहने लूट ले गए थे। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। शाम को बेटे के घर वापस आने के बाद घटना की जानकारी हुई। मुहल्ले में दो दिन से घूम-घूमकर चंदा मांगने वाले दो युवक पर शक की सुई गई थी।

मनीराम पाल मूल रूप से कानपुर के बिल्हौर के रहने वाले हैं। वह हाईकोर्ट के पास फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ करेली के नयापुरवा मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। घर में पत्नी सुभद्रा (54) के अलावा बड़ा बेटा योगेश है। बहू 15 दिन पहले मायके चली गई थी, जबकि छोटा बेटा इन दिनों गांव में ही है। सचिन भावापुर चौराहे पर स्टेशनरी की दुकान चलाता है।

पुलिस को गुमराह करता रहा सचिन




### पुलिस खोज रही थी चंदा मांगने वाले युवकों को

करेली के भावापुर में सुभद्रा देवी की हत्या उसके बेटे सचिन पाल ने ही की थी। वह घर से कुछ दूरी पर फोटोस्टेट की दुकान चलाता है। हत्या के खुलासे के लिए पांच टीमें बनाई गई थीं। परिजनों से पूछताछ के आधार पुलिस कुछ दिन से मुहल्ले में चंदा मांगने के लिए घूम रहे युवकों को खोज रही थी। कुछ युवकों पुलिस ने हिरासत में भी लिया था, लेकिन घटना का खुलासा जब हुआ तो सभी हैरान रह गए।

### छह लाख उधार, 2.5 लाख शेयर में गंवाए थे

पुलिस के मुताबिक, सचिन ने पूछताछ में बताया कि घटना के दिन वह खाना खाने के बाद घर पर आराम कर रहा था। पिताजी काम के सिलसिले में बाहर गए थे। हाईकोर्ट के पास उसकी फोटो स्टेट की दुकान है और वह सादे पेपर का बिजनेस करता है। वह कमरे में आराम कर रहा था तभी मां से काम पर जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर मां ने उसे थप्पड़ मार दिए। इसी से आक्रोशित होकर उसने कमरे में ही रखे लोहे के मूसल से मां के सिर पर कई बार वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गईं और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। उसने व्यापार के लिए 6.50 लाख रुपये उधार लिए थे और करीब 2.50 लाख रुपये शेयर मार्केट में गंवाए थे। मां की हत्या के बाद उसने जानबूझकर कमरे का सारा सामान फैला दिया जिससे यह लगे कि लूट करके हत्या की गई है। इसके बाद वह दुकान जाने के बहाने निकला और हाईकोर्ट के पास घटना में प्रयुक्त मूसल को चुपके से ले जाकर झाड़ियों में फेंक दिया।

### पुलिस को गुमराह करता रहा सचिन

वारदात की सूचना पर पुलिस के घर पहुंचने पर सचिन ने बताया कि रोज की तरह सुबह साढ़े नौ बजे पिता दुकान चले गए। 12.30 बजे वह भी दुकान चला गया। इस दौरान मां घर पर अकेली थी। शाम छह बजे जब वह घर वापस आया तो मेन गेट बंद तो था, लेकिन भीतर से कुंडी नहीं लगी थी। वह जैसे ही अंदर गया उसकी चीख निकल गई। मां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए और फिर जानकारी पाकर पुलिस पहुंच गई।

### मौके पर ही मौजूद था कातिल, खोजी कुत्ता नहीं पकड़ पाया

सुभद्रा की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी पहुंचकर छानबीन की। पुलिस का खोजी कुत्ता घर अंदर गया। सभी कमरों में घूमते हुए वह बाहर भी आसपास सूंघता रहा, लेकिन कातिल वहीं मौके पर मौजूद था। खोजी कुत्ता कातिल की पहचान नहीं कर सका।

आरोपी ने घटना में संलिप्तता की बात स्वीकार की है, जिसपर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही न्यायालय की अनुमति से जेल भी भेज दिया गया है। मामले में दो कथित मीडिया कर्मियों के नाम आए हैं जिनके बारे में आरोपी ने जानकारी दी है कि उन्होंने ही उसे लूटपाट का आइडिया दिया था। उनकी भूमिका की जांच कराई जा रही है।

– दीपक भूकर, डीसीपी नगर

# उदयभान करवरिया की रिहाई अनुचित, हाईकोर्ट में देंगे चुनौती : विधायक बिजमा यादव





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के आचरण को देखते हुए उनकी समय पूर्व रिहाई को प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव ने अनुचित बताया है। सरकार के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिनदहाड़े एके-47 से गोलियां बरसाकर उनके पति विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित की हत्या की गई थी। उदयभान उसमें आरोपी हैं। इनका परिवार कई पीढ़ी से अपराध में लिप्त है। ऐसे व्यक्ति का जेल में आचरण कैसे अच्छा हो सकता है। अशोकनगर स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने 2018 में भी उदयभान की सजा वापस ली थी, जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई है। यह मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया है। इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी। वहां से मुझे न्याय की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगर हत्या करके आजीवन कारावास की सजा पाने वाले व्यक्ति का आचरण इतना अच्छा हो जाता है तो ऐसे में सारे कैदियों को रिहा कर देना चाहिए।

# श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का रास्ता साफ, सेना से मिली अनुमति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम तट पर श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। सेना ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) को अनुमति दे दी है। निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। कॉरिडोर का काम दो चरणों में होगा। पहले चरण का काम दिसंबर तक पूरा करना होगा। दूसरे चरण का काम महाकुंभ के बाद होगा। इसके लिए 38.18 करोड़ का टेंडर हुआ है।श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए पीडीए ने पिछले हफ्ते बोर्ड की बैठक में सेना को जमीन देने पर सहमति दे दी थी। कॉरिडोर के लिए 11,186 वर्ग मीटर (2.76 एकड़) जमीन चाहिए। बदले में सेना को नीवां में 19 हजार हेक्टेयर जमीन दी जाएगी। जमीन की अदला-बदली की प्रक्रिया चल रही है।इसी बीच महाकुंभ को देखते हुए सेना ने पीडीए को निर्माण की अनुमति दे दी। जल्द ही वहां पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पीडीए के अधिकारी मौका-मुआयना कर चुके हैं। निर्माण से पहले पुराने भवनों को गिराया जाएगा और कब्जे भी हटाए जाएंगे। वर्तमान में मंदिर का जितना परिसर है, वहीं पर नया निर्माण होगा। कॉरिडोर बनने के बाद प्रवेश और निकास सुव्यवस्थित हो जाएगा। साथ ही पूजन सामग्री और प्रसाद की दुकानों का स्थान परिवर्तित होगा।

**बनेंगे छह द्वार, अक्षयवट मार्ग से प्रवेश :** श्री बड़े हनुमान मंदिर में छह द्वार बनाए जाएंगे। अभी बांध से उतरते ही श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर जाते हैं, लेकिन कॉरिडोर बनने के बाद यह निकास द्वार होगा और बांध से उतरने वाली सड़क सीढ़ीदार बनाई जाएगी। यह सीढ़ी दर्शन करके लौटने वालों के लिए होगी। इसी के बगल में एक और निकास द्वार होगा, जो शंकर विमान मंडपम वाले रास्ते पर खुलेगा। प्रवेश की व्यवस्था अक्षयवट मार्ग की ओर से होगी। श्रद्धालुओं को त्रिवेणी बांध से उतरकर अक्षयवट मार्ग पर जाना होगा। मंदिर के पूर्व दिशा में तीन और द्वार होंगे।

**बनाई जाएगी करीब 40 दुकानें :** पूजा सामग्री और प्रसाद वितरण के लिए करीब 40 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। यह दुकानें कॉरिडोर की बाउंड्री पर होगी। अभी प्रसाद की दुकानें मंदिर के पश्चिम में किला की दीवार से लगकर बनी हैं। वहां से दुकानें हटाई जाएंगी। किला की दीवार से लगे हुए निर्माण तोड़कर वहां पर नियंत्रण कक्ष और मंदिर के महंत के लिए कमरे बनाए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह को छोड़कर अन्य कार्य पहले चरण में दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। गर्भगृह का निर्माण वर्तमान मंदिर स्थल पर ही महाकुंभ के बाद कराया जाएगा। मंदिर परिसर में परिक्रमा की पर्याप्त जगह होगी।

**कमेटी का मामला लंबित :** पीडीए की योजना थी कि कॉरिडोर का निर्माण कराने के बाद मंदिर संचालन की कमेटी बनाई जाएगी। वह कमेटी कॉरिडोर की मरम्मत, मंदिर की सुरक्षा और दुकानों के आवंटन का काम देखेगी। लेकिन इसे लेकर विवाद हो गया। इसलिए पीडीए ने कमेटी के मामला को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण के बाद कमेटी के गठन पर काम होगा।

# अधिवक्ता के घर तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**करछना।** थाना क्षेत्र के भुण्डा गांव निवासी अधिवक्ता राजेश कुमार एक किशोरी के घर घुसकर अभद्रता करने और मारपीट के मामले में पैरवी कर रहे थे उसी खुन्नस को लेकर फोन पर धमकी और सोमवार को विष्णु कांत अंजनी और शिव संपत अपने कुछ साथियों के साथ रात 9:30 बजे गाली देते हुए घर में तोड़ फोड़ करने और पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी दी जिसको लेकर अधिवक्ता ने करछना थाने में तहरी दी थी जिस पर आरोपी भुण्डा भुआलपुर निवासी विष्णुकांत उर्फ मुकुंद लाल, अंजनी उर्फ महाजन और शिव संपत उर्फ डॉक्टर पुत्रगण पारसनाथ के खिलाफ विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# नगर आयुक्त ने कुम्भ मेला के कार्यो तथा साफ-सफाई का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा बुधवार को आगामी कुम्भ मेला के दृष्टिगत शहर के विभिन्न स्थलों पर हो रहे निर्माण कार्यों तथा नगर की सफाई व्यवस्था के कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य अभियन्ता निर्माण तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत के अतिरिक्त अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ता टी0पी0आई0 की टीम तथा सम्बन्धित फर्म के ठेकेदार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम नगर आयुक्त द्वारा खुल्दाबाद ओल्ड जी0टी0रोड, चकिया, कसारी मसारी में साफ-सफाई के निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर कूडे के ढेर तथा नालिया में शिल्ट भरी हुई पायी गयी जिससे नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करतें हुए कड़ी फटकार लगायी गयी इसी के साथ ही उक्त क्षेत्र की साफ-सफाई के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये, तथा सम्पूर्ण क्षेत्र की सफाई कराते हुए फोटोग्राफ प्रेषित करने के निर्द्रेश दिये गये।कुम्भ मेला के निर्माण कार्यो के दौरान कसारी-मसारी तथा राजरूपपुर में नाली निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टियाः में पाया गया कि फर्म द्वारा निर्माण कराये जा रहे नालियों का लेवल सही नही है और न ही मटेरियल की क्वालिटी। नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि सम्बन्धित फर्म पर अर्थदण्ड आरोपित करते हुए अवर अभियन्ता को चेतावनी पत्र जारी करें साथ ही सभी कमियों को ठीक कराते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें।जहॉगीराबाद नैनी में बने वर्कशाप के पास डामर रोड के निरीक्षण के उपरान्त महेवा रोड पर एग्रीकल्चर कालेज के पास कुम्भ के कार्यो के निरीक्षण के दौरान मार्ग प्रकाश स्थापना कार्य कराया जा रहा था जिसपर नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक पोल का वजन तथा स्ट्रीट लाइटों की टेस्टिंग कराते हुए मार्ग प्रकाश स्थापना का कार्य कराया जाए साथ ही उक्त की रिपोर्ट भी प्रेषित करें।इस प्रकार पुराफतेह मोहम्मद नैनी रोड पर नाली निर्माण के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नही होता पाया गया। नगर अयुक्त द्वारा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में प्रयोग में लाये जाने वाले मैटेरियल की जॉच करायी जाए साथ ही जहॉ-जहॉ निमाण खराब पाया गया उस स्थान पर पुनः तोड कर निर्माण कार्य कराया जाए इस हेतु मुख्य अभियन्ता को फर्म पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान कई जगहो पर सीवर सफाई कार्य कराया जाता हुआ पाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा महाप्रबन्धक जलकल को रात में भी सीवर सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



# रेलवे स्टेशनों पर पान-गुटखा थूकने वालों पर लगा जुर्माना

**प्रयागराज।** यूपी के रेलवे स्टेशनों पर पान-गुटखा थूकने वालों से अब जुमार्ना वसूला जा रहा है। प्रयागराज मंडल में 23 जुलाई को ही गुटखा, पान थूक कर गंदगी फैलाने वाले 110 लोगों को पकड़ा गया। इन यात्रियों ने 11,850 रुपए जुमार्ना भरा।करोड़ों रुपए खर्च कर रेलवे स्टेशन को संवारा जा रहा है। लेकिन गंदगी फैलाने वाले यात्री बाज नहीं आ रहे हैं। रेलवे के आंकड़े यही बताते हैं।प्रयागराज मंडल की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुटखा, पान थूक कर गंदगी फैलाने वाले 3191 यात्रियों का पकड़ा गया। इन लोगों से रेलवे ने 3,75,940 रुपए जुमार्ना वसूला। इसी प्रकार धूम्रपान करने वाले 97 लोगों से 19,400 रुपए वसूल किए गए।


**थूकने वालों का रिकॉर्ड देखिए :** अब बात करते हैं, साल 2023-24 में हुई कार्रवाई की। प्रयागराज मंडल में धूम्रपान करने वाले 204 लोगों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से 41,200 रुपए जुमार्ना वसूला गया। जबकि 15759 लोग गुटखा, पान या फिर अन्य गंदगी फैलाने के दौरान पकड़े गए। इन यात्रियों से 17,92,416 रुपए वसूल किए गए।

**प्रयागराज जंक्शन समेत 12 स्टेशनों पर चला अभियान :** प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी के निर्देशन में इन दिनों मंडल के सभी स्टेशनों पर अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। प्रयागराज जंक्शन और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर बोतल क्रशिंग मशीन लगाई गई है। सभी स्टेशनों के कैटरिंग स्टॉल पर स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जा रहा रहा है। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा, मिजार्पुर, फतेहपुर, फफूंद, प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज, मानिकपुर और विंध्याचल स्टेशनों पर अभियान चलाया गया है।

# जगद्गुरु कृपालु परिषत एजुकेशन द्वारा निःशुल्क स्टेशनरी वितरण

**कुंडा।** जगद्गुरु कृपालु परिषत एज्युकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित कृपालु महिला महाविद्यालय, कृपालु बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज, कृपालु बालिका प्रायमरी स्कूल में अध्ययनरत 2000 छात्राओं को शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा परमपूज्यनीय वात्सल्यमयी तीनों दीदीयों ने डॉ० विशाखा त्रिपाठी (बड़ी दीदी), डॉ० श्यामा त्रिपाठी (मझली दीदी) एवं. डॉ० कृष्णा त्रिपाठी (छोटी दीदी) ने अपने हाथों से निःशुल्क स्टेशनरी से भरा (कॉपी, पेंसिल, टिफिन, बॉटल) स्कूल बैग प्रदान किया। साथ ही तीनों संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को भी उपहार -भेंट किए। कृपालु शिक्षण संस्थान की छात्राएँ एवं शिक्षक/ कर्मचारी गण अपने मध्य प्यारी प्यारी तीनों दीदीयों के हाथों से उपहार ग्रहण करते हुए- अत्यंत गौरव एवं सौभाग्य का अनुभव कर रहे थे। सभी छात्राओं को नाश्ता वितरित कर फ्रूटी भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर प्रबंधतंत्र के सभी सम्मानित सदस्यगण, कृपालु महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अशोक कुमार नागर जी, कृपालु बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा पटेल एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं डॉ० संदीपन दास, डॉ० मालविका सरकार, डॉ० मिलन चंदेल, सुश्री राखी उप्पल, श्रीमती पुष्पा शुक्ला, श्रीमती प्रकाशवती सिंह, डॉ० रेखा सिंह , डॉ० रेखा शुक्ला, डॉ० दुर्गावती शर्मा, डॉ० निभा रानी उपस्थित रही।

# वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर लगा जाम



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद एक कार खराब होने की वजह से जाम लगने लगा कुछ ही समय मे गाड़ियों के पहिये थम गई और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पर पहुची झूंसी पुलिस ने कड़ी मसक्कत के बाद आवागमन सुचारू कराया। सावन की वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग वन वे है। एक ही लेन से गाड़ियों की आवाजाही हो रही है। जिसकी वजह से झूंसी से दारागंज तक गाड़िया रेंगती हुई गुजरती है। बुधवार की दोपहर अचानक झूंसी पुलिया पर शहर की ओर जा रही एक कार खराब हो गई। कार सवार गाड़ी को बीच सड़क पर छोड़ कर हट गए। कार बीच सड़क में होने की वजह से जाम लगने लगा और देखते ही देखते पूरा शास्त्री पुल चोक हो गया साथ मे झूंसी थाने तक गाड़ियों की कतार लग गई। जाम की सूचना पर झूंसी थाने से पहुंचे सिपाहियों ने किसी तरह कार को धक्का देकर सड़क से हटाया तब जाकर एक घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद आवागमन सुचारू हो सका।

## न्यूज झरोखा

### मास्टर माइंड राजीव नयन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, जमानत याचिका मंजूर, अभी रहेंगे जेल में



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है। आरओ-एआरओ पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीवन नयन को बुधवार को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। राजीव नयन यूपी पुलिस सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले का भी मास्टरमाइंड रहा है। उसे प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामले में जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद भी वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।दो मार्च को यूपी लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में राजीव नयन मिश्रा का नाम मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया था।11 फरवरी को आरओ-एआरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। राजीव नयन मिश्रा को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में पहले ही इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं कौशांबी पुलिस ने आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा समेत 23 सदस्यों पर गैंगस्टर लगा दिया है। कौशाम्बी पुलिस ने मंझनपुर, कोखराज व प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमों को आधार बनाकर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की अदालत ने उसे जमानत दी है।

### स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत शौचालय का आवेदन 22 से 26 जुलाई तक होगा



**करछना।** विकास खंड करछना में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत समस्त ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छ मिशन का लाभ सभी को मिलें इसके लिए जिले के अधिकारियों के दिशा-निर्देश के तहत शौचालय योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को आवेदन करने के लिए 22 से 26 जुलाई तक आवेदन करने के लिए ब्लाक द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक सभी शौचालय लाभार्थियों को स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत शौचालय के लिए आवेदन किया जाना है, सभी लाभार्थी अपने - अपने सहायक पंचायत से संपर्क करके आधार की प्रति बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध करा दें जिससे सभी लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की धनराशि उनके बैंक खाते में सुचारू रूप से आवंटित करने में सुविधा जनक किया जा सके उक्त आशय की जानकारी विकास खंड करछना के एडीओ पंचायत रामशिरोमणि तिवारी ने सभी पात्र लाभार्थियों को निर्धारित समय सीमा के अंदरआवेदन करने की अपील की है।

### वायुसेना के इतिहास से रूबरू हुए छात्र

**प्रयागराज।** राजकीय इंटर कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय बमरौली के छात्रों ने मध्य वायु कमान में वायुसेना की विरासत को देखा। दोनों स्कूल के छात्र 22 व 23 जुलाई को बमरौली स्थित मध्य वायु कमान के में ले जाए गए। छात्रों ने मध्य वायु कमान का इतिहास जाना। परिसर में पुराने लड़ाकू विमान, मिसाइल, हथियारों के साथ कलाकृतियां देखीं। छात्रों ने प्रयागराज स्मार्ट सिटी की ओर से विकसित किए गए लाइट एंड साउंड शो का भी आनंद लिया।

# एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाये जाने के दिये निर्देश

स्कूली वाहन चालक एवं परिवहन चालकों का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के दिए निर्देश

बिना फिटनेस वाहन का संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर करें कार्यवाही



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जनपद में सड़क दुर्घटना जून, 2023 में 127 की तुलना में जून, 2024 में 87 दुर्घटना हुई, जिसमें -31.49 प्रतिशत की कमी हुई है। आगामी माह में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कम करने के निर्देश दिये गये। पीडीए को शहरी क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में पीडीए तथा नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत मार्ग पर अवैध कटों को बंद किये जानें हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शहर से जानें वाले विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा को क्रियाशील रखा जाय तथा स्कूली वाहन चालकों एवं परिवहन चालकों के शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। विभाग द्वारा बिना फिटनेस वाहन का संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही की जाय। जनपद के समस्त वाहन चालकों एवं परिचालकों का चिकित्सालयों में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा चलाये जानें हेतु रूटों का निर्धारण करते हुए प्रभावी नियंत्रण रखा जाय। नगर क्षेत्र में सड़कों पर आयी पेड़ों की टहनियों की कटाई छंटाई की जाय जिससे कि सिग्नल स्पष्ट दिखायी पड़े। पुलिस विभाग, यातायात को निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की थानावार सूची प्रेषित की जाय। ओवर स्पीडिंग रोके जानें हेतु पुलिस विभाग (यातायात) एवं परिवहन विभाग द्वारा चालान कार्यवाही की जाय। यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया कि अवैध पार्किंग/अतिक्रमण वाले स्थल पर खड़े वाहनों के चालान की कार्यवाही की जाय। बायें लेन पर वाहनों को न खड़ा किये जानें के सम्बंध में प्रभावी कार्यवाही की जाय। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय किया जाय। हिट-रन के लम्बित मामलों का निस्तारण कराया जाय। गुड सेमेरिटन हेतु पात्रों का चयन करते हुए उसकी सूची उपलब्ध कराये जानें हेतु परिवहन विभाग व स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की गोल्डन ऑवर में मद्द करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय।

इस अवसर पर मनोज कुमार, सहायक अभियन्ता प्रतिनिधि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,(प्रवर्तन) प्रथम, आर.एस. वर्मा, एआरएम उ.प्र. परि.निगम, राम सागर, पीटीओ, मोहित कुमार राठौर, अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., जे.पी. सोनकर, सहायक अभियन्ता, नि.खं.-2 (प्र.प.), लो.नि.वि., महा नारायण शुक्ला, सहायक अभियन्ता, बेलन नहर प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, प्रवीन कुमार यादव, सहायक अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, निकुंज कुमार, सहायक अभियन्ता, मोर्थ, पीआईयू, पी0एन0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, नि.खं. 4, लो.नि.वि., सौरभ सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, अमित कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग, प्रयागराज। विनोद कुमार सिंह, वन दरोगा, वन विभाग, सुजीत कुमार सोनी, एनएचएआई, पीआईयू, डा. राशिद, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय चिकित्साधिकारी, टेम्पो-टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे, महामंत्री रमाकान्त रावत, उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गैंगरेप आरोपितों को लगी गोली

## जिला मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली इलाके में रानीगंज की किशोरी से गैंगरेप के दो आरोपियों से मंगलवार रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। गिरफ्तारी के प्रयास में आरोपित पुलिस पर फायरिंग करने लगे पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपित सहित दो के पैर में गोली लग गई, जिससे दोनों गिर पड़े दोनों को सीएचसी पट्टी लाया गया। बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पट्टी से मुम्बई भागने की फिराक में थे, तभी दबोच लिये गये।

पट्टी कस्बे में उडैयाडीह मोड पर मोबाइल की दुकान चलाने वाले वसीम ने रानीगंज की 16 साल की किशोरी को झांसे में लेकर 19 जुलाई को अपने गांव बुलाया। यहां रात में अपने तीन दोस्तों के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के दादा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। मंगलवार रात लगभग ग्यारह बजे पट्टी कोतवाली के ही कलियनापुर नहर पुलिया पर आरोपितों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी तो आरोपित पुलिस को देखते ही उन पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जबाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़े। पुलिस उन्हें सीएचसी पट्टी ले गई जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पकड़े गए आरोपी वसीम पुत्र निगार व मकबूल पुत्र मंसूर अली निवासी बेलसंडी कोतवाली पट्टी के पास से दो तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा व एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने बताया कि दुष्कर्म मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्तों की तलाश पुलिस कर रही थी। इसी बीच आरोपितों के विषय में जानकारी मिली पुलिस टीम जब पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपित फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों पर गोली लगी है।अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कारवाई में एडिशनल एसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व रानीगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय कुमार साहनी के नेतृत्व में पट्टी कोतवाल आलोक कुमार, एसओजी प्रभारी सुनील कुमार यादव, उप निरीक्षक इंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पुलिस की गिरफ्त में गैंगरेप के आरोपीगण।

### बुलडोजर न चलने से नाराज़ बजरंग दल ने लगाया जाम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के आरोपियों के घर बुलडोजर न चलने पर बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नाराजगी जताते हुए पट्टी-उडैयाडीह मोड़ पर मंगलवार शाम साढ़े सात बजे जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह कार्यकर्ताओं को समझा कर जाम को खुलवा दिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का कहना है कि ऐसे अपराधियों पर अगर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी बुलडोजर नहीं चलेगा तो इसी तरह से अपराध यह लोग करते रहेंगे। पुलिस कार्यकर्ताओं को समझा कर आरोपितो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जाम खुलवा दिया।

# जन सूचना के तहत मांगा विकास कार्यों का ब्यौरा

## एक माह बीतने के बाद भी नही मिली जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बिहार ब्लाक के देवरपट्टी गांव के रहने वाले आधा दर्जन युवाओं ने खंड विकास कार्यालय बिहार के जन सूचना अधिकारी/खंड विकास अधिकारी से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत विन्दुवार जानकारी मांगी है।

बीडीओ को दिये पत्र के माध्यम से युवकों ने कहा है कि जून 2021 से जुलाई 2024 तक के आवास, मनरेगा मे कराये विकास कार्य और चैदवे वित्त आयोग से मिली धनराशि का सम्पूर्ण ब्यौरा उयलब्ध कराने की बात कही है। 16 जुलाई को भेजे पत्र मे जन सूचना अधिकार के तहत उरोक्त जानकारी मांगी आप लेकिन एक माह बीतने के बाद भी खंड विकास कार्यालय की तरफ से कोई जानकारी नही उपलब्ध करायी गयी है, जिससे युवाओं मे सिस्टम के प्रति आक्रोश है फोन पर उनका कहना है की प्रधान और बीडीओ बिहार की मिलीभगत के चलते उन्हे जानकारी नही मिल पा रही है। जब की जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत पत्र मिलने के एक माह के भीतर मांगी जानकारी के सापेक्ष सूचना उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। लेकिन जन सूचना अधिनियम को बिना सूचना आयुक्त का डंडा चले जानकारी उपलब्ध नही कराया जाता।

# केन्द्रीय सरकार का बजट आम आदमी के लिए छलावा तथा निराशाजनकः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने बजट को आम जनता के लिए ठहराया निरर्थक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि केन्द्रीय सरकार का बजट किसानों तथा मध्यम वर्ग, गरीब और आम आदमी के लिए छलावा तथा धोखा और निराश करने वाला बजट साबित हुआ है।

मोदी सरकार के ग्यारहवें बजट पर प्रतिक्रिया जताते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय सरकार का यह बजट तो आम जनता का बजट था पर बकौल प्रमोद तिवारी इस बजट में आम जनता के लिए कुछ भी नही है। उन्होनें कहा कि बजट में न तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला और न ही किसान सम्मान निधि बढ़ सकी। वहीं बजट में सांसद प्रमोद तिवारी ने सीमान्त, लघु और मध्यम उद्योगों को बढावा देने के एक भी ठोस प्रस्ताव न होने को भी बजट की सबसे बड़ी खामी करार दिया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सोना चांदी तो सस्ता करने की घोषणा हुई पर आम आदमी के खरीदने वाली चीजों पर कोई राहत नही है। उन्होनें कहा कि सहयोगी दल बिहार और आन्ध्र प्रदेश को स्पेशल पैकेज के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया है। उन्होनें कहा कि मोदी सरकार ने साफ तौर पर इन दोनों राज्यों में सहयोगी दलों के नाम पर उनके साथ धोखेबाजी की है। उन्होनें कहा कि ऐसी स्थिति में दोनों मुख्यमंत्री यदि अपने राज्यों के प्रति वफादार है तो उनको चाहिए कि सरकार से अपना समर्थन वापस लें। उन्होनें इन मुख्यमंत्रियों से मोदी सरकार के छलावे को देखते हुए एनडीए गठबंधन से बाहर आने के भी नैतिक आचरण पर जोर दिया है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रतिक्रिया में कहा कि मात्र दो राज्यों को सिर्फ सत्ता में बनाये रखने की लालसा में जिस तरह से बजट में इन राज्यों के लिए आंशिक बढोत्तरी की गयी है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि केन्द्र की भाजपा सरकार अन्य राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होनें कहा कि केंद्र के बजट में खास करके विपक्ष शासित राज्यों के लिए पहले ही बजट में भेदभाव का भाजपा का चाल चरित्र और बेनकाब हो उठा है। उन्होनें कहा कि बजट पूरी तरह निराशाजनक और देश की आर्थिक बर्बादी का बजट है।

### पर्यावरण हित में पौधरोपण करना ईश्वरीय कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा पौधारोपण सप्ताह का शुभारम्भ किया गया जो कि 24 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। इसी क्रम में पट्टी नगर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नीम, आम, अमरूद, पीपल एवं जामुन का पौधा लगाया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रिन्स बरनवाल ने बताया कि पर्यावरण के गिरते स्तर को देखते हुए विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा पौधारोपण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें जिले स्तर से लेकर प्रखण्ड एवं ग्राम स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा जिसकी शुरुआत आज किया है। पौधारोपण के दौरान वार्ड अध्यक्ष सुजीत गुप्ता, संयोजक राहुल सोनी, मंत्री राजू सोनी, सत्यम सोनी, शुभम सोनी, सुनील गौतम, अजय सोनी, संतोष सोनी, सुमित बरनवाल, राजेश रजक मौजूद रहे।

# एमडीपीजी कालेज के इग्नू में हुआ प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम

## प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का किया गया समाधान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा एक प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र उपस्थित रहे। प्रो मिश्र ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है और इसके सभी कोर्सेस भारत में ही नहीं बल्कि भारत के बाहर भी पूर्णतः मान्य हैं।

उन्होंने बताया कि इग्नू में 35 लाख से ज़्यादा छात्र पंजीकृत हैं। इग्नू के सभी अध्ययन सामग्री गुणवत्ता पूर्ण है और इनको पढ़ने से छात्र कोर्स पूरा करने के साथ साथ विषय संबंधी कम्पटीशन की भी तैयारी कर सकता है। इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए बताया कि प्रतापगढ़ केंद्र पर वर्तमान में विविध प्रकार के परास्नातक, स्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हैं और सभी वर्ग के सभी आयु के इच्छुक शिक्षार्थी इन कोर्सेस से लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूजीसी के नियमों के तहत अब कोई भी छात्र रेगुलर कोर्स के साथ मुक्त विश्वविद्यालय से कोई भी दूसरा कोर्स कर सकता है जिससे उसे एक ही सत्र में दो डिग्रियां करने का लाभ मिलेगा। इग्नू छात्रों को अपना अध्ययन केंद्र व परीक्षा केंद्र अपने सत्र के दौरान भारत में कहीं भी स्थानांतरण करवाने की सुविधा भी प्रदान करता है।



प्रवेश जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य।

# पेड़ लगाकर पृथ्वी को बनाओ स्वर्गः डा0 शाहिदा

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुआ वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीयूषकान्त और विशिष्ट अतिथि डॉ श्रद्धा सिंह थीं। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा, प्रधानाचार्य बी. के. सोनी, पूनम श्रीवास्तव, मंजू मिश्रा, रेखा शुक्ला, सुमन सिंह, नीरज कुमार, और शिवेन्द्र त्रिपाठी और स्कूल के अचीवर हाउस, बिलीवर हाउस, चैलेन्जर हाउस, और कांकरर हाउस के बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और आम, अमरूद, नींबू, शरीफा, नीम आदि के पेड़ लगाए।

इस दौरान डॉ श्रद्धा सिंह ने बच्चों को वृक्षों के बारे में बताया कि ये भी हमारी तरह सांस लेते हैं खाना खाते हैं और पानी पीते हैं। इसे लगाने के साथ साथ रोज़ पानी देने की हिदायत भी दी। डॉ पीयूष ने बच्चों को बताया कि पेड़ पौधे लगाने से वातावरण शुद्ध होता है। प्रदूषण समाप्त होता है पर्यावरण को इको फ्रेंडली बनाए रखने के लिये आप सभी अपने घरों में एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं। प्रधानाचार्य बीके सोनी ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि पेड़ पौधे कई प्रकार से वातावरण को शुद्ध रखते हैं। अंत में चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ इस पृथ्वी को स्वर्ग बनाओ का संदेश देकर वृक्षारोपण कार्यक्रम समाप्त किया।



स्कूल में वृक्षारोपण करते मुख्य अतिथि व चेयरपर्सन

### डिग्री कालेज कालाकांकर मे एन सी सी कैडेट्स ने किया वृहद वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत पंडित मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर प्रतापगढ के विद्यालय परिसर मे एन सी सी कैडेट्स द्वारा वृहद वृक्षारोपण हरीतिमा अमृत (वन ट्री वन कैडेट) कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव ने किया। इस अभियान ए एन ओ डॉ ज्योति गुप्ता 18 बटालियन प्रतापगढ के सूबेदार भूपेंद्र सिंह और सूबेदार सुनेन्द्र सिंह की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के मुख्य नियंता सर्वेश कुमार सिंह व डॉ सृष्टि कुशवाहा के साथ सभी एन सी सी कैडेट्स का योगदान सराहनीय रहा। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ व कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

# तीन घंटे तक आरोपितों के घर रहा बुलडोजर, घर में ताला लगाकर फरार हुए लोग

**अखंड भारत संदेश**

## नहीं गिरा आरोपितों का घर वापस लौटा बुलडोजर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन पूरी तरह एक्सन में रहा। दोपहर तक दबिश देने के बाद जब आरोपितों का पता न चला तो पुलिस टीम व राजस्व कर्मी बुलडोजर लेकर गांव पहुंच गए। शाम लगभग चार बजे बेलसंडी गांव पहुंचकर आरोपितो के घरों को चिन्हित कर राजस्व विभाग की टीम उनके घरों की नाप जोख शुरू कर दी है। गांव में बुलडोजर और राजस्व टीम द्वारा नाप जोख देख घर के लोग सहमे हुए हैं। आरोपितों के परिवार व गांव के लोग उनकी करतूतों पर शर्मिंदा है। पुलिस टीम गांव में तीन घंटे खड़ी रही। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि एसडीएम पट्टी के निर्देश पर बेलसंडी गांव पहुंचकर आरोपितों के घरों की नाप जोख की जा रही है। अभी कुछ निष्कर्ष नहीं निकला है। राजस्व टीम में बृजेश कुमार नायब तहसीलदार अरुण प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक राम यश मौर्य खुर्शीद आलम रजनीश पांडे लेखपाल मौजूद रहे। इसके अलावा इंचार्ज कोतवाल दीप नारायण, उप निरीक्षक अजीत सिंह, इंद्रेश कुमार लक्ष्मीकांत सिंह, संतोष पासवान, महिला उप निरीक्षक अर्चना समेत भारी पुलिस बल गांव में मौजूद रही। मौके पर दो बुलडोजर खड़ा करके आरोपियों के परिजनों को एक घंटे का समय दिया गया है। राजस्व टीम व पुलिस कार्यवाही के कारण गांव के ज्यादातर घरों में ताला लटका हुआ है और लोग अपना घर छोड़कर फरार हो गए हैं। दरवाजे पर केवल मवेशी ही नजर आएं तथा कुछ घरों में वृद्ध महिलाएं मौजूद थी।

# मेघा की प्रसन्नता के लिए बच्चों ने खेली कालकलौती

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड स्थित लखनसेनपुर के बच्चों ने बुधवार को टोली बनाकर मेघा को खुश करने के लिए गांव के सभी घरों के सामने कालकलौती खेली। बारिश न होते देख गांव के बच्चों ने अर्धनग्न होकर घर-घर जाकर काला मेघा पानी दे, पानी दे नही तो कहकर कालकलौती के खेल को खेला। जैसा की लोक प्रचलित विश्वास है की बारिश न होने पर सूखा की स्थिति पैदा होने पर बच्चों की टोली अर्धनग्न होकर कीचड़ में जब खेलती है तो बारिश होती है। पुरानी परंपरा की मान्यता है की जिस दिन बच्चे कालकलौती को खेलते है उस दिन घर में खाना नही खाते है, इसलिए हर घर से लोग बच्चों को अनाज या पैसा देते है,जिससे इकट्ठे रुपयों से बच्चों की टोली बाग में रुककर खाना का प्रबंध करती है। इस दौरान गांव के तमाम लोग बच्चो के अर्धनग्न नृत्य को देखने के लिए इकट्ठा हो गए।



बारिश के लिये कालकलौती खेलते बच्चे।

# प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन की प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला प्रयागराज में हुई, जिसमें स्काउट और गाइड की गतिविधियों की समीक्षा बेसिक शिक्षा निदेशक एवं भारत स्काउट और गाइड द्वारा की गई।

कार्यशाला में स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं दायित्व निर्वहन पर प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्र, आनंद सिंह रावत प्रदेश सचिव स्काउट एवं अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त ने सम्मानित किया।इस दौरान हीरालाल यादव प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट, कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड आदि मौजूद रहे। जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह के सम्मानित होने पर बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बधाई दी है।



स्काउट मास्टर को सम्मानित करते अतिथिगण।

# ओपीएस विकल्प पत्र भराने के लिए बीएसए का बहुप्रतीक्षित आदेश हुआ जारी, शिक्षकों में हर्ष की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 28 जून 2024 को विज्ञापन के आधार पर ओपीएस पेंशन का विकल्प बेसिक शिक्षकों एवं कर्मचारी को दिए जाने की घोषणा की गई है। जिसके अनुपालन में निदेशक, सचिव-बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 22 जुलाई और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 23 जुलाई (चंद्रशेखर -तिलक जयंती) के अवसर पर जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज कर शिक्षकों से विकल्प पत्र भरे जाने की बात कही है।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वे0एसोसिएशन, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार से बेसिक शिक्षक, केन्द्र समान मेमोरेण्डम जारी करने की मांग 2017 से अनवरत करते आ रहें हैं। नवम्बर, 2023 में काफी करीबी मैटर बना था ।शासन की घोषणा के बाद से ही विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन काफी सक्रिय हो चला था। जिसमें संगठन द्वारा 19 जुलाई को प्रतिवेदन, 22 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से पत्र जारी करने का आग्रह किया गया था। साथ ही प्रभारी बीएसए शिव बहादुर मौर्य से मिलकर सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद के बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण पत्र से अवगत कराया। बीएसए भूपेंद्र सिंह जी ने विकल्प पत्र भराने सम्बन्धी पत्र 23/7 को जारी करने का आश्वासन सत्य साबित हुआ है। जिले के 700 से अधिक शिक्षक एवं कार्मिकों ने नियोक्ता, शासन और सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दें कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयो के ऐसे शिक्षकों/कार्मिकों, जिनका चयन ऐसे पद/रिक्तियों के सापेक्ष हुआ हो, जिसका विज्ञापन प्रदेश में नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) लागू किये जाने सम्बन्धी राज्य सरकार की अधिसूचना 28 मार्च, 2005 के पूर्व हो चुका था। सम्बंधित को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध मे समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुपालन में जिला प्रतापगढ़ में भी सभी बीईओ को पत्र जारी हुआ है। शिक्षकों के लिए यह एक स्वर्णिम सफलता है, जिले के शिक्षकों ने बीएसए को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### विशिष्ट शिक्षक अपने बीआरसी केन्द्र पर भरेगें ओपीएस विकल्प पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली हेतु विकल्प पत्र भरने वाले समस्त सम्मानित शिक्षक भाई/शिक्षिका बहनें विकल्प पत्र से संबंधित समस्त प्रपत्र (आदेशानुसार) एकत्रित कर चार फ़ाइल बना लें। उसके बाद 25 जुलाई को दो बजे के बाद बीआरसी केन्द्र पर आकर विकल्प पत्र भरकर जमा करने का कष्ट करें। विकल्प पत्र भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई बताई गई है। बता दें कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत आदेश के अनुरूप चारो फ़ाइल में प्रपत्र अवश्य लगा होना चाहिए।

### जीजीआईसी की छात्राओं को दिये गये स्वास्थ्य टिप्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में गीता प्रधानाचार्य एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पारुल सक्सेना द्वारा छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी विशेष टिप्स दिए गए, जिसमें माहवारी के दौरान सावधानी साफ-सफाई, खून की कमी से बचने के उपाय, आदि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर मैनकाइंड फार्मा के एरिया मैनेजर अनुपम तिवारी तथा दवा प्रतिनिधि मोहम्मद वसी खान मौजूद रहे।



छात्राओं को स्वास्थ्य टिप्स की जानकारी देतीं चिकित्सक।

# खराब हुए ट्रान्सफार्मरों को तत्काल बदलवाने के डीएम ने दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

### जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेन्द्र मंझनपुर प्रथम का किया औचक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज विद्युत उपकेन्द्र मंझनपुर प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला में पहुंचकर ट्रांसफार्मरों के रिपेयरिंग/मरम्मत कार्य सहित अन्य प्रकार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिपेयरिंग रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर एवं रोस्टर रजिस्टर को देखा एवं खराब ट्रान्सफार्मर कब आया और नया ट्रान्सफार्मर कब भेजा गया आदि की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहॉ पर उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की कि खराब ट्रान्सफर्मर की रिपेयरिंग में कितना समय लगता हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया कि खराब ट्रान्सफार्मरों को शासन के निदेर्शानुसार निर्धारित समय-सीमा में बदलवाया/ ठीक कराया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि नलकूपों में लगे ट्रान्सफार्मरों में यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल रिपेयर/बदल दिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण एवं शहर में रोस्टर के अनुसार निर्वाद विद्युत आपूर्ति की जाय, विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल ठीक करवाया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# आपत्ति जनक स्थिति में मिली विधवा महिला परिवार को हत्या की दे रही धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की मौत के बाद महिला ने कई महीने पहले दूसरे मर्द से संबंध बना लिया विधवा महिला अपने प्रेमी से बराबर मुलाकात करती रही इस बात की जानकारी महिला की सास और उसके परिवार के अन्य महिलाओं को लग गई 23 जुलाई की रात्रि महिला अपने प्रेमी मर्द के साथ हम बिस्तर थी इस बात की जानकारी मिलने पर उसकी सास मौके पर पहुंची तो देखा उसकी बहू दूसरे मर्द के साथ आपत्तिजनक स्थिति में हमबिस्तर है महिला ने बहु को भला बुरा कहा और डायल पुलिस को सूचना देने के साथ ग्राम प्रधान को बुला लिया मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाशबीन ग्रामीणों की भीड़ लग गई उसके बाद घटना की रात जमकर हंगामा हुआ महिला ने मामले की सूचना थाना पुलिस को देकर बताया कि उसकी बहू दूसरे मर्द के साथ हम बिस्तर होती है और मना करने के बाद पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रही है मौके पर मिले मर्द को पुलिस अपने साथ थाना ले गई है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है लेकिन विधवा महिला उस मर्द को छोड़ने को तैयार नहीं है।

### परिवारिक विवाद मे चले लाठी डंडे माँ बेटी सहित चार घायल

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के वंश का पुरा गाँव मे बुधवार को भाई भाई मे परिवारिक विवाद को लेकर दोनों पक्षो मे जमकर लाठी डंडा चला है इस हमले में मां बेटी सहित चार लोग घायल हो गए हैं हमले में विनीता यादव 45 वर्ष पत्नी भानू यादव साक्षी पुत्री भानू यादव 15 वर्ष भानू यादव पुत्र महंत लाल यादव 50 वर्ष ताराचंद पुत्र महंत लाल यादव घायल है दो भाइयों के बीच हुए विवाद के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## न्यूज झरोखा

### एसडीएम दफ्तर के सामने किसानों ने दिया धरना



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत सैनी गांव में सरकारी नलकूप 10 दिन से खराब है किसानों ने संबंधित अधिकारियों से कई बार सूचना दिया लेकिन अभी तक नलकूप सही नहीं हुआ इस समय धान की रोपाई का समय चल रहा है जिससे पानी की सख्त आवश्यकता है अगर समय से पानी नहीं मिला तो धान की रोपाई समय से नहीं होगी बुधवार को सुबह ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी दफ्तर के सामने एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए उप जिलाधिकारी ने किसानों से मिलकर तीन दिन का आश्वासन दिया की तीन दिन के अंदर जल्द से जल्द नलकूप सही कर कर पानी की सप्लाई दी जाएगी।

### गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस बी एवं सी की हुई जांच



**कल्याणपुर कौशाम्बी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कौशाम्बी में 24 जुलाई को गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तमाम महिलाओं की जांच की गई इस कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह ने किया उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला सहित डाक्टर सुरभि प्रकाश,डॉक्टर विश्वप्रकाश,डॉक्टर रेखा यादव डॉक्टर रविरंजन सिंह ,वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ मोतीलाल सिंह,प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ पूनम देवी,अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भवंस मेहता विद्याश्रम में पुराने पारम्परिक खेलकूद का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में सीबीएसई की तरफ से पुराने पारम्परिक खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गिल्ली डंडा,लंगड़ी, कबड्डी, खो-खो,गिट्टी फोर ,गेंद तड़ी आदि खेलकूद का आयोजन खेलकूद शिक्षक सुधाकर सिंह ने किया खेल का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया पुराने पारंपरिक खेल के आयोजन के दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि इन खेलों से अच्छा व्यायाम होता है जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है सभी छात्रों ने गिल्ली डंडा और छात्राओं ने लंगड़ी में रुचि लेते हुए बहुत आनंद लिया।

### बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हुए सैकड़ों कांवरिया



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी गेरुवा वस्त्र पहने कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहा है जिस दिन से सावन की शुरूआत हुई है प्रतिदिन सुबह-सुबह कांवरियों में जत्था नगर कस्बे से बाबा का जयकारे लगाते हुए बाबा धाम रवाना हो रहा है मूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत हर्रायपुर चौराहा से डी जे बाजा के साथ सैकड़ों कांवरिया बुधवार को बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए हैं इस मौके पर रामबाबू यादव राजू यादव बाबू लाल यादव अनिल कुमार हिमांशु यादव राहुल अग्रवाल गोलू अग्रवाल सहित तमाम शिव भक्त शामिल रहे। सावन माह की शुरूवात होते ही जिले के विभिन्न कस्बो से डीजे के धुन पर नाचते गाते बाबा का जयकारा लगाते हुए शिव भक्त कावारियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहा है बोल बम के नारे से नगर क्षेत्र गूंज रहे हैं जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है कांवरिये शिव का जलभिषेक कर निष्ठापूर्वक पूजा-अर्चना के लिए बाबा बैजनाथ धाम रवाना हो रहे हैं जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों व कांवरिया के मार्ग में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे जगह-जगह पुलिस के जवान व उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया था. जो हर आने-जाने वालों पर नजर रख रहे है।

# भरवारी रेलवे क्रासिंग पर हाइट गेज लगाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरा युवक

### रेलवे ठेकेदार की बड़ी लापरवाही : कई घंटे तक गड्ढे में पड़ा रहा युवक पुलिस ने निकाला



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में रेलवे क्रासिंग के बगल में हाईट गेज के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में मंगलवार की रात नशे में धुत एक युवक गिर गया। सुबह जब रेलवे फाटक बंद होने पर जाम लगा तो लोगों ने गड्ढे में गिरे युवक को देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने युवक को गड्ढे से सकुशल बाहर निकाला। भरवारी रेलवे क्रासिंग पर अभी अस्थाई रूप से हाइट गेज लगा हुआ है,इसके लिए रेलवे विभाग ने स्थाई हाइट गेज लगाने के लिए टेंडर हुआ और क्रासिंग के दोनों तरफ गड्ढे खोद दिए गए,सड़क के किनारे खोदे गए गड्ढे में मंगलवार की देर शाम नशे में धुत एक युवक गिर गया,युवक पूरी रात गड्ढे में पड़ा रहा,सुबह रेलवे क्रासिंग बंद होने पर लोगो ने युवक को गड्ढे में पड़ा हुआ देखा तो भरवारी चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गड्ढे से बाहर निकाला और पुलिस चौकी ले गए। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग के लोग आए और मजदूरों से क्रासिंग के दोनों तरफ गड्ढा भी खोद दिया गया,गड्ढा खोदने के बाद वह लोग चले गए गड्ढे के बाहर बैरीकेडिंग भी नही की गई,जिसके चलते युवक गड्ढे में गिर गया ,वही यदि गड्ढे के बाहर बैरीकेडिंग नही की गई तो कई और हादसे हो सकते है।

# संघर्षशील विद्यालयों को चिन्हित कर बनायें निपुण : मधुसूदन हुल्गी

अखंड भारत संदेश

### जिलाधिकारी ने की विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने की समीक्षा बैठक




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निपुण विद्यालय बनाये जाने की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के खण्ड शिक्षाधिकारी, डायट मेन्टर, एसआरजी एवं एआरपी को निर्देशित किया कि संघर्षशील विद्यालयों की सूची के अनुसार योजना बनाकर निपुण विद्यालय बनाने में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए सम्बन्धित प्रधानाध्यापकों को निर्धारित समयावधि में विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विद्यालय प्रबन्ध समिति और पीटीएम की बैठकों को टारगेट करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दियें। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित है, यह सुनिश्चित किया जाय कि स्मार्ट क्लास क्रियाशील रहें। अध्यापक टैबलेट का उपयोग करें एवं दीक्षा ऐप का अधिकाधिक प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने निपुण भारत की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद कौशाम्बी छोटा जनपद है, विद्यालयां की संख्या भी कम है, यह हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है कि हम अपने जनपद के विद्यालयां को निपुण बनायें। इसके लिए सम्बन्धितों के साथ बैठक कर कार्ययोजना एवं रणनीति बनाकर कार्य किया जाय, जिससे हम अपने ब्लॉक एवं जनपद के विद्यालयों को निपुण बना सकें। अभिभावकों को भी जागरूक किया जाय, कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। खण्ड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण करते रहें, विशेषकर सर्वप्रथम संघर्षशील वाले विद्यालयों, उसके बाद मध्यम विद्यालयों एवं अन्त में सक्षम विद्यालयां का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, डायट प्राचार्य सुश्री निधि शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं राज्य परियोजना कार्यालय से श्रीमती शिवांगी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सूखी नहरों में जल्द हो जलापूर्ति और विद्युत कटौती हो बंद : अजय सोनी

### सूखी नहरों में जलापूर्ति न होने और बिजली कटौती को लेकर भड़के सकिपा कार्यकर्ता, सीडीओ को दिया ज्ञापन



**कौशांबी।** जिले की नहरों में जलापूर्ति न होने और लगातार हो रही विद्युत कटौती से भड़के समर्थ किसान पार्टी के कार्यकताओं ने बुधवार को मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिपाठी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति एवं विद्युत कटौती बंद करने जैसी समस्यायों के समाधान की मांग की। बुधवार 24 जुलाई को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में प्रदर्शन कर नहरों में टेल तक जलापूर्ति और बिजली कटौती बंद करने की मांग की। कार्यकताओं का आरोप था कि धान की रोपाई के समय नहरें सूखी हैं और बिजली की आपूर्ति बाधित है जिससे किसानो को भारी परेशानी हो रही है। इस मौके पर कार्यकताओं ने मांग किया कि जिले की सभी सूखी नहरों एवं रजबहों में टेल तक जलापूर्ति हो और विद्युत कटौती बंद हो साथ ही रोस्टर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो ताकि किसानो के खेतों में धान रोपाई हो सके। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकताओं के प्रमुख लोगों को प्रतिनिधि मंडल के रूप में वार्ता के लिए कार्यलय के अंदर बुलाया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने बताया कि जिले की अधिकतर नहरें सूखी हैं और बिजली कटौती जारी है जिससे किसानो को धान रोपाई में भारी दिक्कत हो रही है। आगे कहा कि जिला प्रशासन को किसानो को समस्याओं को दूर करना चाहिए और नहरों में टेल तक जलापूर्ति करवानी चाहिए साथ ही विद्युत कटौती बंद होनी चाहिए।। इस के बाद पार्टी कार्यकताओं ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने और बिजली कटौती बंद कर रोस्टर से 18 घंटे और कृषि फीडरों में 10 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति करने की मांग की। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ भैरव प्रसाद गौतम, जवाहर लाल पटेल, रामबली सरोज, सुरजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

### संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा में सभी कांग्रेसी रहे उपस्थित : गौरव पाण्डेय

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विधानसभा एवं लोकसभा पूर्व प्रत्याशी व सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्ष एनएसयूआई युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस व सभी फ्रंटल एवं बॉडी के सदस्य एवं अध्यक्ष को सूचित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि संगठन विस्तार एवं कौशांबी जिले में कांग्रेस को कैसे मजबूत किया जाए एवं महिलाओं को संगठन में क्या भागीदारी होगी इसको सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मूरतगंज कसिया में संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के नीचे 25 जुलाई को महत्वपूर्ण कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें आप सभी वर्तमान एवं पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी , ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व आप सभी पदाधिकारी का रहना आवश्यक है कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने सभी से निवेदन किया कि संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा में सभी कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

# बाल यौन अपराध संरक्षण एवं बाल अधिकारों पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में हुबलाल इण्टर कॉजेल, गौरा रोड भरवारी में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम एवं बाल अधिकारों के विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने कॉलेज में कार्यरत कर्मचारी एवं उपस्थित बच्चों को बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को संविधान एवं मौलिक अधिकार, एन्टी रैगिंग कानून एवं पाक्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शिविर में अपर सिविल जज जू0डि0-प्रथम हेमन्त कुमार, प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी, पी0एल0वी0 ममता देवी, डा0 नरेन्द्र कुमार दिवाकर एवं कॉलेज के अध्यापकगण उपस्थित रहें।

### गरीब महिला के गिरे कच्चे मकान के निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे है प्रधान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरुवा गांव में गरीब महिला का घर गिर जाने के बाद उस घर में फिर से निर्माण शुरू करने पर ग्राम प्रधान बाधा डाल रहा है जिससे गरीब महिला परेशान हो रही है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेरुवा गांव के ग्राम प्रधान दबंगई से बाज नहीं आ रहे है आये दिन गरीब व असहाय लोगों को परेशान करते है गीता देवी पत्नी यशवांत सिंह ने चरवा थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे गांव का ग्राम प्रधान वा प्रधान प्रतिनिधि गुंडाई के बल पर मेरा गिरा हुआ कच्चा मकान नही बनने दे रहे है उसी घर में आम रास्ता बना रहे हैं आम रास्ता बनाने में कई लोग सहयोग कर रहे हैं मना करने पर गाली गलौज करते हैं और मारपीट पर आमदा हैं।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में 'मिशन शक्ति' की बड़ी पहल, छात्राओं को मिली सुरक्षा और जागरूकता का संदेश



**कौशाम्बी** विकास खण्ड नेवादा के इमलीगाँव स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'मिशन शक्ति' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सराय अकील कोतवाली की उपनिरीक्षक यसवन्ती कुमारी, महिला कांस्टेबल प्रीति, पूजा पटेल और भगवानपुर चौकी इंचार्ज नीतेश त्रिपाठी ने भाग लिया। यसवन्ती कुमारी ने छात्राओं को 'मिशन शक्ति' के उद्देश्यों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों के महत्व को समझाया और सलाह दी कि छात्राएं इन नंबरों को अपने मोबाइल में सेव करें और तीन अन्य लोगों से साझा करें। विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्री प्रकाश शुक्ला ने छात्राओं को आत्म-सुरक्षा के महत्व पर बल दिया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। स्कूल के प्रिंसिपल मनीष त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम को सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और छात्राओं को समाज में अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को सुरक्षा और आत्म-निर्भरता के प्रति एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### पत्रकार के पिता की बीमारी के चलते हुई मौत

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव निवासी वाईस आफ हिन्दुस्तान के पत्रकार रणविजय सिंह के पिता केदार सिंह उम्र 85 वर्ष का मानसिक संतुलन ठीक न होने से उनका स्वास्थ्य काफी दिनों से खराब चल रहा था उनका इलाज न्यू लाईफ व यूनाईटेड हास्पिटल मे चल रहा था कल दिनांक 23 जुलाई को उनकी मौत हो गई उनके परिवार व पत्रकार साथियों मे शोक व्याप्त है।

# दवा वितरण रजिस्टर चिकित्सकों की अनुपस्थिति का जीता जागता प्रमाण

### राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल तिल्हापुर की महिला चिकित्सक के अनुपस्थित होने से मरीजो का नहीं हो रहा इलाज, निजी प्रैक्टिस में मशगूल चिकित्सक राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की दवाइयां भी क्लीनिक में उठा ले जाते हैं

**कौशाम्बी।** राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों की दुर्दशा जग जाहिर है अस्पतालों में डॉक्टर नहीं पहुंचते हैं कुछ अस्पतालों में वार्ड ब्याय अस्पताल संचालित कर रहे हैं तो कुछ अस्पताल को फार्मासिस्ट संचालित कर रहे हैं मरीजों को आयुर्वेदिक अस्पताल से इलाज नहीं मिल पा रहा है चिकित्सक क्लिनिक खोलकर निजी प्रैक्टिस में मशगूल बताए जाते हैं इतना ही नहीं राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की दवाइयां भी चिकित्सक अपने क्लीनिक में उठा ले जाते हैं लेकिन उसके बाद भी राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सकों की मनमानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है अस्पताल के चिकित्सकों की मनमानी पर विंदुवार सूक्ष्म जांच करानी होगी जिससे चिकित्सकों के कारनामे बेनकाब हो सके तिलहरपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की महिला चिकित्सक मनमानी पर उतारू है इस अस्पताल में मरीजों को दवा देने वाले रजिस्टर को चेक कर लिया जाए तो चिकित्सक के कारनामे का खुलासा हो जाएगा आयुर्वेदिक अस्पताल तिल्हापुर के दवा बितरण रजिस्टर सब कुछ खुलेआम गवाही दे रहा है दवा वितरण रजिस्टर में डॉक्टर की हैंड राइटिंग की जांच कर ली जाए तो चिकित्सक की अनुपस्थिति का खुलासा हो जाएगा क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए तिल्हापुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सक की मनमानी पर जांच कराए जाने और उन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# निवेशक व एजेन्ट हताश होकर आत्महत्या कर गवां रहे हैं अपनी जान

अखंड भारत संदेश

### चिट फंड कम्पनी मे करोड़ो की ठगी करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर नहीं भेजा गया जेल, आखिर इसका जिम्मेदार कौन डायरेक्टर, ब्रांच मैनेजर या फिर सरकार

**कौशाम्बी।** पूरे भारत मे तमाम प्रकार की चिटफंड कंपनियों को भारत सरकार ने लाइसेंस देकर तमाम लोगों की गाढ़ी कमाई के धन को जमा कराकर मुसीबत में डाल दिया है और उस मुसीबत का कोई हल निकालने में सरकार कामयाब नहीं हो रही है आज बहुत से एजेन्ट चन्द रुपयों की लालच मे आकर अपना सब कुछ खो बैठे हैं यहां तक कि कुछ एजेन्ट अपना जर जमीन खेत सब कुछ खो चुके है और जिसके पास जमीन खेत नही है वह अपनी जान तक न्योछावर कर चुके हैं जरा सोंचिये जब घर का स्वामी ही नही रहा तो उनके बच्चों का क्या हाल होता होगा। सेम्पल के रुप मे अगर हम बात करें सिर्फ वियर्ड इन्फेक्कर लिमिटेड कम्पनी की तो इसको कोलकाता से प्रयागराज मे लाने वाले आशुतोष ओझा हैं और यह अपने तमाम नजदीकी जान पहचान वालों को बताया जिससे इस कम्पनी मे इन्दल प्रसाद निवासी बमरौली शिवप्रकाश निवासी सल्लाहपुर शारदा प्रसाद केशरवानी निवासी चायल डा.धीरेन्द कुमार निवासी गोलकईयापुर यह मिलकर नवाब ईशुब रोड सिविल लाईन मे ब्रांच खोलकर काम शुरू किया और अपने आप को बचाते हुये ब्रांच मैनेजर अंकित गुप्ता को नियुक्त किया और क्षेत्र के सैकड़ों भोले भाले लोगों को धन का लालच देकर अपनी बातों से रैंक बढ़ाकर गुमराह करते हुये एजेन्ट के रुप मे रखकर करोड़ो की ठगी करने के बाद ब्रांच व कम्पनी का नाम बदलते हुए एजेन्ट को गुमराह करते हुये वही कुछ दुरी पर सेंटर प्लाझा बिल्डिंग मे किराये पर कमरा लेकर ब्रांच को खोकर जमकर ठगी किया बताया जाता है कि उक्त शारदा प्रसाद केशरवानी निवसी चायल व कुछ साथी मिलकर सेंटर प्लाझा के आफिस को निवेशकों की गाढ़ी कमाई को ठग कर जमीन खरीद लिया गया उसके बाद कुछ जमीन मंझनपुर मे भी अपने परिवार के नाम से खरीद लिया फिर कुछ दिन बाद एजेन्ट व निवेशक को गुमराह करते हुये मुन्डेरा मे ब्रांच खोलकर ठगी करने के बाद ब्रांच को बन्द कर फरार हो गये इसी तरह सरांय अकिल मे ब्रांच खोलकर मैनेजर वागीस त्रिपाठी व उप मैनेजर महेश कुमार वर्मा ने एजेन्ट लगाकर भोली भाली जनता को जमकर ठगी का सिकार बनाया और चम्पत हो गये व इसमे से डा. धीरेन्द कुमार का इतने मे भी पेट नही भरा तो वह अपने एक दो साथी को लेकर अपना खुद का मंझनपुर मे ब्रांच खोलकर पर्लवाईट व सनराईज वीजन के नाम से कम्पनी को चलाया और इसी तरह जनता की गाढ़ी कमाई को ठगकर अकूत धन जमा किया वा फरार हो गये और निवेशक व एजेन्ट आज अपनी आत्महत्या कर जान को खो रहे हैं इतने मे भी पेट नही भरा तो छुप छुपकर स्थान बदल बदल कर नेटवर्किंग व सेल मार्केटिंग के नाम पर जनता को लूटने का काम करते हैं। इन्ही ठग बेईमान जैसे लोगों के चलते अभी दो दिन पहले हमीर पुर जिले मे रैपुरा गांव के एजेन्ट राज शेखर प्रजापती उम्र 32 वर्ष ने निवेशकों के डराने धमकाने के वजह से आत्महत्या कर लिया व चार दिन पहले मंझनपुर के खोरा गांव निवासी एजेन्ट मनी चन्द को पुलिस पकड़कर ले गई और डरवा धमकाकर उसको निवेशकों का पैसा देने के लिये बाध्य किया मजबूरी का फायदा उठाते हुये पुलिस ने दस हजार लेकर छोंड़ा और जो चिटफंड कंपनियों के ठग बेईमानों जैसे लोग ब्रांच खोलकर निवेशक और एजेन्ट दोनो को ठगने के बाद आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है वह जहां कही भी छुपकर मौज मस्ती काट रहे हैं उनपर राज्य सरकार व केंद्र सरकार इन तमाम कम्पनियों के ठग बेईमानों को गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजकर गरीब जनता को न्याय देगी या फिर सरकार भी एजेन्ट व निवेशकों को आत्महत्या करने पर मजबूर करती रहेगी जनता सरकार से जवाब माग रही है।

## संपादक की कलम से

# विश्वसनीय बने उच्च शिक्षा एवं परीक्षा

परीक्षाओं में धांधली ने ह्यएक राष्ट्र, एक परीक्षाह्ण की सोच पर पुनर्विचार के लिए विवश कर दिया है. हमें एकताबद्ध देश चाहिए, एक समान देश नहीं. एकरूपता विविधता, भिन्नता, लोकतंत्र और असहमति की अनुमति नहीं देती. प्रश्नपत्रों के लीक होने की घटनाओं ने भारत को ऐसे निम्न स्तर पर ला खड़ा किया है, जहां परीक्षाओं एवं संस्थानों की विश्वसनीयता खतरे में है. यह एक चेतावनी है कि परीक्षा प्रणाली में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. स्तर बनाये रखना राष्ट्रीय एजेंसियों की ही नहीं, बल्कि सबकी जवाबदेही है. उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता और गुणवत्ता साथ चलते हैं. विकसित भारत के विचार को साकार करने में भारतीय शिक्षा तंत्र आधारभूत भूमिका निभा सकता है. यह तकनीकी हड़बड़ी तथा कुछ लोगों की मनमानी की जगह नहीं बननी चाहिए.

इसलिए सोच-समझकर संतुलित दृष्टि से इस मसले पर विचार होना चाहिए ताकि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बहाल हो सके. जरूरी नहीं है कि तकनीकी और सस्ते समाधान बेहतर भी हों. तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता और टिक लगाने जैसे परीक्षा के तरीके कुछ लोगों के निहित स्वार्थों को पूरा करने में मददगार होते हैं. अधपके विचार आकर्षक लग सकते हैं, पर अंततः हमें ऐसी प्रतिक्रियाओं से सावधान रहना चाहिए, जो छात्रों, परिवारों और विषयों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं. इंटरनेट के इस युग में पर्चा लीक होना स्थानीय घटना नहीं होती, इसका प्रसार तुरंत व्यापक स्तर पर हो जाता है. टिक मार्क वाले पर्चों और उत्तरों को हैक करना बहुत आसान है. परीक्षा माफिया के अपराधियों की कोई विचारधारा नहीं है. परीक्षा की समरूपता खतरनाक है क्योंकि यह सरकार के लिए आपदा हो सकती है और इससे करोड़ों छात्र और उनके परिजन तबाह हो सकते हैं.

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नेतृत्व में दूरदृष्टि एवं जवाबदेही के अभाव ने इस प्रकरण को और भी त्रासद बना दिया है. गड़बड़ियों से लगातार इनकार करने, गलत दिशा चुनने और बरगलाने वाले बयान देने से देश गुस्से में है. अखिल भारतीय परीक्षा कराना जटिल कार्य अवश्य है, पर एनटीए और यूजीसी का नेतृत्व तमाम संसाधनों के बावजूद चुनौतियों से आगाह क्यों नहीं था, समुचित उपाय क्यों नहीं किये गये? क्या ऐसा पैसा बचाने के लिए किया गया? परिणाम आने तक गड़बड़ियों की भनक तक क्यों नहीं लग पायी? समझना होगा कि शिक्षा में विवेक और समावेशी दृष्टि से निवेश होना चाहिए. हड़बड़ी समस्या को और बिगाड़ेगी. बहरहाल, सरकार का रवैया निर्णायक रहा है.

शिक्षा मंत्री ने मामले की ह्यनैतिक जिम्मेदारीह्ण ली है और एनटीए के प्रभारी अधिकारी को हटा दिया गया है. नीट परीक्षा में धांधली की जांच सीबीआइ कर रही है तथा यूजीसी-नेट की गड़बड़ी की जांच के आदेश भी दे दिये गये हैं. परीक्षाओं में स्वच्छता और पारदर्शिता तथा उनके समुचित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च-स्तरीय समिति गठित की गयी है, जो दो माह के भीतर अपने सुझाव पेश करेगी. कदाचार रोकने के कानून को भी 21 जून से लागू कर दिया गया है. इसमें दोषियों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है. सरकार ने स्पष्ट इंगित कर दिया है कि परीक्षाओं में किसी भी तरह के कदाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

सरकार द्वारा उठाये गये कदम सराहनीय हैं, पर कुछ अन्य उपायों को भी अपनाने की आवश्यकता है ताकि भारतीय शिक्षा प्रणाली में विश्वसनीयता फिर से बहाल हो सके. हमें छात्रों से अपनी अपेक्षाओं के बारे में नयी समझ विकसित करने की आवश्यकता है. इसका मतलब यह है कि हमें परीक्षा प्रणाली पर पुनर्विचार करना चाहिए. तथ्य बनाम मूल्य की बहस का निपटारा अस्सी के दशक में ही हो चुका है. फिर भी, हम अभी भी बहु-वैकल्पिक प्रश्न व्यवस्था जैसे परिमाणात्मक उपायों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, मानो वे चमत्कारिक हों. गुणात्मक कौशल अभी भी आवश्यक हैं क्योंकि वास्तविक जीवन में समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए इंजीनियरों और डॉक्टरों को अपनी गुणात्मक क्षमताओं का इस्तेमाल करना पड़ता है.

जटिल मानवीय संदर्भों में मूल्यों की बड़ी भूमिका है, जिन्हें पूर्वाग्रह कहकर खारिज किया जा सकता है. लेकिन वास्तविकता यह है कि आज की परीक्षाएं बस सूचना को रटने और प्रस्तुत करने की क्षमता की जांच तक सीमित रह गयी हैं तथा वे अन्य आवश्यक कौशलों की अनदेखी करती हैं. हमें आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच, पाठन और लेखन जैसे कौशलों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. सोच और लेखन में स्पष्टता जैसे कौशलों की परीक्षा होनी चाहिए तथा अध्यापन इनके विकास पर केंद्रित होना चाहिए।

# धरोहरों पर ध्यान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया है कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है. प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है. इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं. संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है.

नयी दिल्ली में हो रही समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया. यह आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है. समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है. हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह भी इंगित करती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है.

पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है. इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं. धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है. इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर जोर देते हुए कहा है कि अतीत को देखने के लिए एक नये दृष्टिकोण की आवश्यकता है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत को जानने के लिए पूर्वाग्रह-मुक्त नयी अवधारणाओं की आवश्यकता है.

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं. ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं. इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं. अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं. उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है. भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है. सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश वापस लाने के काम में तेजी आयी है.

अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है. इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है. विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी. इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी है ।

# लोकलुभावनवाद नहीं, समावेशी नीतियों पर ध्यान संतुलित और सधा हुआ बजट

**डॉ अश्विनी**

**बजट 2024 :** तेईस जुलाई, 2024 को पेश किये गये बजट की खासियत यह है कि यह मोदी सरकार की प्राथमिकताओं पर केंद्रित है. निर्मला सीतारमण ने बहुत स्पष्ट रूप से सरकार की नौ प्राथमिकताएं बतायी हैं, जैसे कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन, विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी के सुधार.

प्रधानमंत्री मोदी से पूर्व, हम अभी तक केंद्र सरकार के बजट देखते थे, जो लोकलुभावनवाद से प्रेरित थे, क्योंकि वे अगले चुनाव में वोटों पर नजर गड़ाये हुए थे. लेकिन मोदी सरकार पहले भी लोकलुभावनवादी के रूप में देखे जाने से बचती रही है और इसके बजाय विकास और समावेशी नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती रही है. इस तरह, यह बजट भी उसी राह पर है.

हम समझते हैं कि रोजगार दो स्रोतों से आता है. पहला, नौकरी और दूसरा स्वरोजगार. स्वरोजगार का लाभ यह है कि स्वरोजगार करने वाले लोग नौकरी के सृजनकर्ता भी होते हैं. इस संदर्भ में बजट में दो बड़ी घोषणाएं हैं. एक, बिना गारंटी वाले मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख करने से संबंधित है. स्टार्ट-अप को भी एंजल टैक्स के माध्यम से कुछ राहत दी गयी है. दूसरी योजना रोजगार के संबंध में है और वह भी संगठित क्षेत्र में. इसके लिए तीन योजनाएं शुरू की गयी हैं. एक प्रमुख योजना अप्रेंटिसशिप योजना है, जिसके तहत एक अप्रेंटिस को 5000 रुपये दिये जायेंगे. इस योजना के वित्तपोषण के लिए कॉरपोरेट सीएसआर फंड का उपयोग कर सकते हैं।

यह योजना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे एक तरफ बेरोजगारी की समस्या का समाधान होगा, तो दूसरी तरफ व्यवसायों के लिए कुशल कर्मचारियों की कमी भी दूर होगी. यदि यह योजना सफल होती है, तो इसे आगे बढ़ाया जा सकता है. छोटे उद्योगों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है. फिलहाल सरकार ने केवल बड़े उद्योगों को ही इस योजना में शामिल किया है और इसका कारण यह है कि सीएसआर के माध्यम से जो पैसा आता है, वह इसमें इस्तेमाल हो पायेगा. इसके अलावा कंपनियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से पहली नौकरी का पहला वेतन सरकार द्वारा देने का वादा भी इस बजट में किया गया है. नियोक्ता को इपीएफओ में प्रोविडेंट फंड जमा करने हेतु सहयोग भी दिया जायेगा।



बजट के बारे में सामान्य तौर पर माना जाता है कि यह सरकार की नीतियों का आईना होता है. बीते 10 वर्षों में सरकार जिन नीतियों पर चली है, उस कारण अर्थव्यवस्था को गति मिली है. चाहे वह संवृद्धि की बात हो या, महंगाई पर रोक लगाने की, सरकार सफल रही है. क्योंकि पिछली सरकार के 10 वर्षों की औसत महंगाई की दर 8.6 प्रतिशत थी, जो इस सरकार के समय लगभग छह प्रतिशत है. इन बातों से उत्साहित होकर सरकार ने इस बार के बजट में कई ऐसे प्रावधान किये हैं जो विकसित राष्ट्र बनने की प्रक्रिया के लिए जरूरी हैं. क्योंकि बार-बार कहा गया है कि 2047 तक हमें विकसित राष्ट्र बनना है. किसानों की बात करें, तो किसान क्रेडिट कार्ड, सब्जी उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला के लिए एफपीओ का गठन और डेयरी क्षेत्र के लिए प्रोत्साहन समेत तमाम उपाय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट में दिखाई देते हैं. जहां तक गरीबों की बात है तो आवास उपलब्ध कराने को लेकर सरकार ने पहले ही घोषणा की थी कि ग्रामीण क्षेत्र में वह तीन करोड़ और शहरी क्षेत्र में एक करोड़ आवास मुहैया करायेगी, यह अच्छा कदम है. आप कल्पना कीजिए कि जो कच्चे घर में रह रहा है, यदि उसे पक्का घर मिल जाए, तो निश्चित तौर उसके जीवन स्तर में बदलाव आयेगा. जीवन स्तर में बदलाव से उस व्यक्ति के कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी, जो बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी. संभवतः इन्हीं सब कारणों से बीते वर्षों में भारत की बहुआयामी गरीबी में काफी कमी आयी है.

राज्यों की बात करें, तो आंध्र प्रदेश और बिहार की मदद को लेकर कदम उठाने की बात भी कही गयी है. आंध्र प्रदेश को 15,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की बात की गयी है. जब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अलग हुए थे, तो आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के लागू करने की बात हुई थी, आंध्र के लिए अलग राजधानी बनाने की बात भी तब हुई थी, जिसके लिए केंद्र सरकार की सहायता चाहिए. उसके लिए भी अतिरिक्त राशि देने की बात कही गयी है. बिहार के लिए बजट में 26,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. बजट में बिहार के लिए खास पेशकश के तहत बोधगया के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की बात की गयी है, ताकि अधिक लोग वहां जा सकें. इस तरह बोधगया में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है।

बिहार को पैसा देने की बात बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह राज्य प्रति व्यक्ति आय में न केवल नीचे है, बल्कि विकास में भी पिछड़ा हुआ है. इतना ही नहीं, यह लंबे समय से बाढ़ की त्रासदी से गुजर रहा है. जब से नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ है, तब से लगातार नेपाल सरकार पानी छोड़ देती है, जिससे नेपाल से लगते बिहार के क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ में डूब जाते हैं, जिससे लोगों को बेघर होना पड़ता है, जिसका असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ता है. ऐसे में बाढ़ नियंत्रण के लिए कोसी इंट्रा स्टेट लिंक समेत अन्य परियोजनाओं को लेकर बजट में विशेष प्रावधान करना अभिनंदनीय कदम माना जाना चाहिए. महिलाओं के रोजगार वृद्धि को लेकर भी प्रावधान किये गये हैं. कुल मिलाकर, यह एक संतुलित व सधा हुआ बजट है, जिसमें मध्यम वर्ग, गरीब, किसान, युवा और महिला, सभी को साधा गया है.

# आम जनता के लिए निराशा का बजट

एनडीए सरकार ने 23 जुलाई मंगलवार को अपना आम बजट पेश किया। लोकतांत्रिक सरकार के आम बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता को दी जानी चाहिए। समाज के हाशिए के वर्गों को मुख्यधारा में दौड़ने लायक सक्षम किया जा सके, ऐसे प्रावधान बजट में होने चाहिए। लेकिन यह दुखद है कि अब बजट जैसी बेहद जरूरी चीज भी सत्ता के हित साधन का जरिया बन गया है। यही बात इस बजट में भी नजर आई।

इस बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनैतिक मजबूरियों और प्राथमिकताओं में बदलाव को साफ तौर पर देखा जा सकता है। आंध्रप्रदेश की तेलुगूदेसम पार्टी और बिहार की जनता दल यूनाइटेड इन दो के सहारे एनडीए सरकार केंद्र की सत्ता पर बनी हुई है। इन दोनों ही दलों ने सरकार बनने के साथ यह उम्मीद बार-बार जाहिर की कि सरकार उन पर विशेष ध्यान देगी। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों ही राज्य लंबे वक्त से विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं। 2018 में चंद्रबाबू नायडू एनडीए से इसी मांग के पूरे न होने को लेकर ही अलग भी हुए थे। वहीं नीतीश कुमार भी अब तक इस उम्मीद में थे कि श्री मोदी उनकी इस मांग को पूरा करेंगे। लेकिन 22 जुलाई को संसद में बाकायदा इस बात से इंकार कर दिया गया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता। यही स्थिति आंध्र प्रदेश की भी है। इन दोनों नेताओं ने बजट से पहले जिस विशेष आर्थिक पैकेज की मांग अपने-अपने राज्यों के लिए की थी, वह भी इन्हें नहीं मिला। मगर इसके बावजूद पूरे बजट में सबसे अधिक चर्चा इसी बात की हो रही है कि निर्मला सीतारमण ने सबसे अधिक ख्याल आंध्र प्रदेश और बिहार का ही रखा है।

कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने इस बजट को कुर्सी बचाओ बजट कहा है, क्योंकि आंध्र प्रदेश की राजधानी के विकास के लिए 15 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है, इसी तरह बिहार के लिए एयरपोर्ट्स, सड़कों और बिजली के प्रोजेक्ट लगाने के लिए बजट में 26,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। खास बात यह है कि इन परियोजनाओं के लिए बहुपक्षीय विकास एजेंसियों के जरिए काम की बात की गई है। फिलहाल एनडीए सरकार के ये दोनों घटक दल बजट के इन प्रावधानों पर खुशी जाहिर कर रहे हैं, जिससे श्री मोदी राहत महसूस कर सकते हैं। मगर इस बजट से भाजपा की मजबूरी जिस तरह सामने आई है, वह उसकी मजबूती के दावों को खारिज करती दिख रही है।


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे ने बिलकुल सही सवाल उठाया है कि जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले ही दावा किया था कि 100 दिनों की कार्य योजना हमारे पास पहले से ही है। कार्य योजना दो महीने पहले थी तो कम से कम बजट में ही बता देते। दरअसल इस बजट में न किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की कोई चर्चा है, न महंगाई कम करने का कोई इरादा दिखा है। आदिवासी, पिछड़े वर्ग, दलित, किसान, मजदूर सभी की एक तरह से उपेक्षा दिखाई दी है। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से वादा किया था कि हर साल दो करोड़ रोजगार दिए जाएंगे और अब आलम यह है कि 2024 के बजट में मोदी सरकार ने कहा है कि वह 5 सौ बड़ी कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप करने के लिए अवसर प्रदान करेगी। इसमें 5000 रुपये हर महीने अलाउंस दिया जाएगा साथ में 6000 रुपये का अतिरिक्त अलाउंस भी दिया जाएगा। कंपनियों को सीएसआर के तहत स्किल करने पर खर्च करना होगा। दो करोड़ नौकरियों से बात एक करोड़ इंटर्नशिप पर आ जाए, तो समझना कठिन नहीं है कि सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है। हालांकि खबरों में सरकार के ऐसे प्रावधान को बजट में युवाओं की बल्ले-बल्ले जैसी सोच के साथ पेश किया जा रहा है।

मोदी सरकार ने रेल बजट पहले ही समाप्त कर दिया था, अब ऐसा लगता है कि बजट से रेलवे पर किए जाने वाले खर्च, यात्रियों की सुविधा, रेलवे के विस्तार जैसी अहम बातों को भी गायब कर दिया गया है। बुलेट ट्रेन का जिक्र तो खैर अब होता ही नहीं, हाल ही में जो गंभीर रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, उन का जिक्र करते हुए बजट के जरिए मामूली समझे जाने वाले यात्रियों को आश्वस्त किया जा सकता था कि सरकार को उनका भी ध्यान है। लेकिन यहां भी आम गरीब लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। अबकी बार नरेन्द्र मोदी किसी नयी ट्रेन को हरी झंडी दिखाने जाएं तो याद रखें कि उनकी सरकार ने कैसे आम यात्रियों की उम्मीदों को लाल झंडी दिखा दी है। रेलवे के जरिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होता था, वह बात भी अब बजट से गायब है। बजट में आंध्रप्रदेश और बिहार का जिक्र तो खूब है, लेकिन बाकी राज्यों की उम्मीदों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पर्यावरण को लेकर कोई चिंता बजट में नजर नहीं आई, जबकि हर साल बढ़ते प्रदूषण, पराली जलाने के कारण होने वाला धुआं, बाढ़ और सूखा, जंगलों की आग, पहाड़ों पर भूस्खलन ऐसी कई बातें हैं, जो आम भारतीयों के लिए जानलेवा होती जा रही हैं।

# गांधी जी की यादों को सहेजने के लिए बन रहा स्मारक



**हेमलता म्हस्के**
**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



पुणे का डेढ़ सौ से भी अधिक साल पुराना डेविड सुसन अस्पताल महाराष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण अस्पताल है। ऐतिहासिक भी हैं। इससे देश की कई महत्वपूर्ण हस्तियों की स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। पुणे नगर और उसके आसपास के इलाकों में काफी प्रतिष्ठित है। इन दिनों यह अस्पताल चर्चा में है क्योंकि आज से सौ साल पहले इसी अस्पताल में 1924 में महात्मा गांधी का आपातकालीन अपेंडिक्स ऑपरेशन किया गया था। जिस वार्ड में गांधी जी का ऑपरेशन हुआ था उसे राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किया जा रहा है। बहुत कम लोगों को मालूम है कि गांधी का कभी किसी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। लेकिन सौ साल पहले 12 जनवरी 1924 में पुणे के डेविड सुसन अस्पताल में उनका ऑपरेशन हुआ था और उसकी स्मृति इस अस्पताल में सहेज कर रखी जा रही है। अब इस अस्पताल में आने वाले ज्यादातर बीमार और उनके तीमारदार सभी को पता चल रहा है कि कभी यहां गांधी जी का भी ऑपरेशन हुआ था। इस अस्पताल में गांधी जी के अलावा कर्मवीर भाऊ राव पाटिल और प्रसिद्ध अभिनेत्री मीना कुमारी का भी इलाज हुआ था।

यह अस्पताल इसलिए भी खास है कि यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा है। इस अस्पताल का निर्माण भी उदारवादी लोगों के दान से हुआ लेकिन अभी राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

12 जनवरी 1924 का दिन बहुत ही तूफानी था, जब महात्मा गांधी को पेट दर्द की शिकायत के बाद सेंट्रल यरवदा जेल से पुणे के अस्पताल में लाया गया

हालांकि पिछले कुछ सालों में अपेंडिक्स को निकालने की प्रक्रिया आसान हो गई है, लेकिन उस समय यह एक अलग प्रक्रिया थी, खासकर इसलिए क्योंकि भयंकर तूफान के कारण अस्पताल की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। गांधी को तब तूफान लैंप के नीचे ऑपरेशन करना पड़ा था।

डॉ. मुरलीधर तांबे के मुताबिक "कई मेडिकल परीक्षण किए गए और डॉक्टरों ने निष्कर्ष निकाला कि गांधीजी को तीव्र अपेंडिसाइटिस हो गया था। उस समय उनकी आयु 50 वर्ष थी।"

महात्मा गांधी ने उनके ऑपरेशन के लिए डॉ. दलाल और डॉ. जीवराज के नाम सुझाए थे और ब्रिटिश सरकार मुंबई से भारतीय डॉक्टरों के आने का इंतजार करने को तैयार थी। हालांकि, आधी रात से ठीक पहले ब्रिटिश सर्जन डॉ. कर्नल मैडॉक ने गांधी को सूचित किया कि उन्हें तुरंत ऑपरेशन करवाना होगा। इसके बाद महात्मा गांधी ने सर्वेंट्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रमुख वीएस श्रीनिवास शास्त्री और अपने करीबी दोस्त डॉ. फाटक को बुलाया।

उन्होंने एक पत्र का मसौदा तैयार करने में मदद की, जिसमें कहा गया था कि गांधीजी ऑपरेशन के लिए सहमत हो गए हैं,। इसी के साथ यह भी कहा गया था कि डॉक्टरों ने उनका अच्छा इलाज किया है और यदि कुछ गलत हो जाता है तो कोई सरकार विरोधी आंदोलन नहीं होना चाहिए - यह पत्र महत्वपूर्ण था, क्योंकि किसी भी अप्रिय घटना से पूरे देश में अराजकता फैल सकती थी।

गांधी को आधी रात के बाद ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया और यह प्रक्रिया 40 मिनट तक जारी रही। ऑपरेशन के दौरान आंधी-तूफान के कारण अस्पताल की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी।

फिर ऑपरेशन के बाकी हिस्से को पूरा करने के लिए टॉर्च का इस्तेमाल किया गया, लेकिन यह जल्दी ही बंद हो गई। अंत में, ऑपरेशन को हरिकेन लैंप की रोशनी में पूरा किया गया।

ऑपरेशन पूरी तरह सफल होने के बाद गांधी ने मैडॉक को बहुत धन्यवाद दिया। इसके तुरंत बाद गांधी की छह साल की जेल की सजा कम कर दी गई और उन्हें 5 फरवरी, 1924 को रिहा कर दिया गया। गांधी, जो उस समय भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे आगे थे, को एक साल बाद फिर से ससून अस्पताल लाया गया, जब उनकी तबीयत खराब हो गई।

इस बार, गांधी ने संतरे के जूस से अपना उपवास तोड़ने पर जोर दिया, जो उन्हें कर्नल मैडॉक ने दिया था, जो उनके करीबी दोस्त बन गए थे।

ससून अस्पताल में 400 वर्ग फुट का ऑपरेशन थियेटर, जिसे उस दिन के कारण एक स्मारक में बदल दिया गया है, में अभी भी वे उपकरण रखे हुए हैं जो गांधी की सर्जरी के लिए इस्तेमाल किए गए थे और वहां एक दुर्लभ पेंटिंग भी रखी गई है जिसमें तूफान लैंप के नीचे चमत्कारी ऑपरेशन को दशार्या गया है।

इस अस्पताल के स्थापित होने की कहानी भी प्रेरणादायक है।

1867 में भारत आने वाले सबसे प्रभावशाली व्यापारियों और परोपकारी लोगों में से एक डेविड सैसून के उदार दान से इस अस्पताल का निर्माण संभव हो सका। बगदादी यहूदी सैसून ने भारत में एक व्यापारिक साम्राज्य बनाया और आयात-निर्यात व्यापार पर अपना दबदबा कायम किया।

उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों के मुताबिक, पुणे जंक्शन रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूर, ससून रोड पर स्थित यह अस्पताल बेसाल्ट और ग्रे ट्रैप स्टोन से बनी दो मंजिला विक्टोरियन गोथिक इमारत है। इसे बनाने में कुल 3,10,060 रुपये की लागत आई थी, जिसमें से ससून ने 1,88,000 रुपये का योगदान दिया था। इमारत का डिजाइन हेनरी सेंट क्लेयर विल्किंस (1828-1896) ने तैयार किया था, जो ब्रिटिश सेना के अधिकारी और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के तहत एक वास्तुकार थे। उन्होंने डेक्कन कॉलेज और ओहेल डेविड सिनेगॉग जैसी कई प्रतिष्ठित इमारतों को डिजाइन किया था। संरचना पर लोहे का काम एमजे हिगिंस द्वारा डिजाइन किया गया था, जिन्होंने सेंट पॉल चर्च के लिए लोहे का काम भी डिजाइन किया था।

इमारत परिसर के दक्षिण-पश्चिम कोने में एक बड़ा चिनाई वाला घंटाघर है, जो 120 फीट ऊंचा है। इस टॉवर में अस्पताल द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला पानी का टैंक भी था। मुख्य इमारत का माप 227' ७ 50' है। दोनों मंजिलों पर स्थित वार्ड बरामदे के आर्केड पर खुलते हैं। भूतल के उत्तर में दो 'मूल महिला' वार्ड स्थित थे, और दक्षिणी तरफ दो 'मूल पुरुष' वार्ड थे। पहली मंजिल पर यूरोपीय लोगों के लिए वार्ड पाए गए।

## वैश्य एकता परिषद की जिला इकाई गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता ने जिला इकाई का पुर्नगठन किया है। राहुल गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, सुशील कक्का प्रदेश उपाध्यक्ष, धर्मचंद युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, अंकित पहारिया युवा प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप को बनाया है। मोहित जैन महामंत्री, राम गुप्ता महामंत्री, पूरु अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। शुभम गुप्ता युवा जिलाध्यक्ष, कुलदीप महामंत्री बनाये हैं। मनोनयन बाद सदर बाजार कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई। सभी ने वैश्य समाज के उत्थान को कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जल्द जिले में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

# जुलाई के अंत तक हर हाल में संरक्षित होंगे गौवंश

### सीडीओ के सीयूजी पर किसान बतायें समस्यायें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को किसान दिवस में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही पटेल ने अन्ना प्रथा, विद्युत समस्या, बनकट पम्प कैनाल, सोलर पैनल, साधन सहकारी समितियों में खाद न होने, नहरों की सिल्ट सफाई, जल जीवन मिशन के तहत गांव की सडकों को न बनाने, बीज की उपलब्धता, निजी नलकूप बोरिंग, पशु टीकाकरण आदि समस्यायें बताई।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों की समस्यायें किसान दिवस में मिली हैं। उन्हें शासन की मंशानुसार समय से निस्तारित करें। किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन-जिन विभागों की समस्यायें मिली हैं, उनके निस्तारण बाबत अगले किसान दिवस में आख्या समेत पेश करें। किसान भाइयों से कहा कि



बैठक में निर्देश देते डीएम।

गौवंशों के संरक्षण पर सीडीओ से प्रतिदिन समीक्षा की जायेगी। सीबीओ को निर्देश दिये कि शत-प्रतिशत गौवंशों का संरक्षण करायें, ताकि किसानों की फसलों को क्षति न पहुंचे। वृक्षारोपण बाबत कहा कि जन सहयोग की बहुत जरूरत है। प्रधानमंत्री ने नारा दिया है कि एक पेड़ मां के नाम सभी लोग अवश्य लगायें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को कोई समस्या हो तो सीधे सीडीओ के सीयूजी नंबर पर बतायें, तत्काल निस्तारण होगा। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी गांवों में गौवंशों का संरक्षण हो रहा है। जुलाई के अंत तक हर हाल में गौवंश संरक्षित हो जायेंगे। किसान भाई सहयोग करें, क्योंकि सहयोग के बिना ये कार्य नहीं हो सकता। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी सहयोग करें। सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र ने कहा कि अन्ना गौवंशों को शासकीय गौशालाओं पर संरक्षित कराया जा रहा है। किसान भाई व्यक्तिगत पशु बांधकर रखें। सहभागिता से जो गौवंश दिये गये हैं, उनका मार्च तक भुगतान हो गया है। शेष भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह ने बताया कि किसान ट्रांसफार्मर खराब होने पर 1912 टोल फ्री पर कॉल करें। विभाग तीन दिन के अंदर किसानों के ट्रांसफार्मर बदल देता है। कुछ रास्ते की समस्या होती है, उसका निस्तारण कराया जाता है। सहायक निबंधक सहकारी समितियां आरके शुक्ला ने कहा कि जिले में 33046 एमटी यूरिया है। एक हजार एमटी डीएपी भी है, जो मांग अनुसार साधन सहकारी समितियों में भेजी जा रही है। किसानों से कहा कि नैनो यूरिया व डीएपी का उपयोग करें। बैठक में भाकियू ने जिलाधिकारी को किसानों बाबत ज्ञापन सौंपा। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बैठक में मौजूद अधिकारियों व किसानों का आभार जताया। बैठक में डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, डीएचओ प्रतिभा पांडेय, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद व भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## डीएम बोले: समय से करें लोगों के कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपदीय राजस्व न्यायालयों में योजित/राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति, निर्विवाद वरासत के लम्बित मामलों की प्रगति, खतौनियों में दर्ज खातेदारों/सहखातेदारों के गाटों में खतौनी पुनरीक्षण व अंश निर्धारण की प्रगति, रियल टाइम खतौनी प्रगति, प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण प्रगति, ई-खसरा पड़ताल ऑनलाइन फसली वर्ष 1431 फ की प्रगति व उप्र राजस्व संहिता की धारा 89 में प्राविधानों में अनुमति को लम्बित मामलों की समीक्षा की। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का समय से निस्तारण करें। भूमि बाबत विवादों व राजस्व वादों का समय से निस्तारण करें। मौजूद अधिकारियों से मनोयोग से समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा समेत तहसीलदार मौजूद रहे।

## 25 जुलाई को लगेगा किसान मेला: डीडीए

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर खरीफ फसलों के क्रियान्वयन व अधिक उत्पादन के मद्देनजर कृषि की नई तकनीक के प्रचार-प्रसार को सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं कृषि सूचना तंत्र मजबूती व किसान जागरूकता योजना के तहत जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी/कृषक वैज्ञानिक संवाद 25 जुलाई को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में अपरान्ह एक बजे से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में होगा। जिला स्तरीय खरीफ गोष्ठी व किसान मेला में कृषि व अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के तहत दी जाने वाली सुविधायें व अनुमन्य अनुदान बाबत किसानों को जागरूक किया जायेगा। सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने विभागों के स्टॉल/प्रदर्शनी लगाने के साथ विभागीय तकनीकी जानकारी देंगे।

## सड़क में धंसी यात्री बस, हादसा टला

### बीजेपी के विधायक हैं तो क्यों है बदतर हालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीवर लाइन ठेका कंपनी की मनमानी से सड़क धंस गई। यात्री-बस चालक की सूझबूझ से बस पलटने से बची। बड़ा हादसा टल गया। जेसीबी से बस को बाहर निकाला गया।

ये हादसा जिले के मुख्य मार्ग पुरानी लंका तिराहा से गौरिहर मंदिर के बीच बुधवार को हुआ। ठेका कंपनी के दबंगों ने सडक खोद डाली है। दबंग ठेकेदार सडक की मरम्मत नही करा रहा। रेस्टोरेशन, सीवर लाइन दबंगों की मनमानी से चित्रकूट की सड़कों में कभी भी हादसा हो सकता है। इसी इंतजार में अधिकारी बैठे हैं। सीवर कंपनी की मनमानी से अधिकारी लाचार दिख रहे हैं। अधिकारी व बीजेपी के नेता कहते थे कि नयागांव चित्रकूट



सडक में धंसी बस।

में उनका विधायक नहीं है। अब भाजपा विधायक है तो चित्रकूट की हालत और खस्ता हो रही है। भाजपा की गजब की सरकार है। 15 साल में चित्रकूट में सीवर लाइन नहीं पूरी हो सकी।

# एआरटीओ हैं पूरी तरह दोषी, निर्दोष आरआई निलम्बित

## बच्चों से भरी स्कूल बसों को सीज करने का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जैसे ही एआरटीओ विवेक शुक्ला के श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल की सैकडों बच्चों से भरी दो बसें जांच के नाम पर दस किमी दूर पुलिस लाइन ले जाने की जानकारी हुई, उन्होंने तत्काल प्रभाव से आरआई गुलाबचन्द्र को निलम्बित करने के आदेश जिलाधिकारी को दिये और एआरटीओ पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

ज्ञात है कि मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल की

### सूबे के मुख्यमंत्री ने मामले को लिया संज्ञान

सैकडों बच्चों से भरी दो बसों को पूर्वान्ह सवा 11 बजे सीजकर दस किमी दूर पुलिस लाइन में ले जाकर खडा करा दिया। इन बसों को सुविधा शुल्क लेने के बाद एक बजकर पांच मिनट पर छोडा। इस मामले की जैसे ही प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ को जानकारी हुई कि बच्चों से भरी बसों को ले जाने का खिलवाड एआरटीओ ने किया है। उन्होंने आरआई गुलाबचन्द्र को निलम्बित करने के आदेश डीएम को दिये। डीएम के आदेश पर आरआई निलम्बित हो गये हैं, जबकि आरआई का कोई दोष नहीं था। एआरटीओ विवेक शुक्ला ही पूरी तरह से दोषी हैं, उन्हें बसों की फिटनेस आदि की जांच करना था तो वह स्कूल जाकर जांच कर सकते थे। रास्ते में बच्चों से भरी बसों की जांच व पुलिस लाइन ले जाने की क्या जरूरत थी। बच्चों के समय से घर न पहुंचने पर अभिभावक खासे परेशान हो गये। कुछ अभिभावक जिलाधिकारी के पास पहुंच गये। अभिभावकों को चिन्ता होने लगी कि बच्चे कहां गये। एआरटीओ प्रवर्तन की इस घोर लापरवाही का खामियाजा आरआई गुलाबचन्द्र को भुगतना पडा, जबकि एआरटीओ पर सिर्फ अनुशासनात्मक कार्यवाही हुई है।

इस मामले में पूरी तरह से दोषी एआरटीओ विवेक शुक्ला हैं। आरआई तो आफिस का कार्य देखते हैं। उनसे फील्ड वर्क से कोई वास्ता नहीं है। शासन-प्रशासन को एआरटीओ के खिलाफ ही कडी कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि दुबारा कोई स्कूल बसों में बच्चों के बैठे रहने पर कार्यवाही न कर सके। इस बारे में एआरटीओ विवेक शुक्ला का पक्ष जानने को फोन लगाया, उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## अंशू मौत की मजिस्ट्रीरियल जांच शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर एसडीएम पंकज वर्मा ने बताया कि एडीएम के निर्देश पर 15 जुलाई को अंशू आरख पुत्र नत्थू प्रसाद आर्यनगर मानिकपुर की मृत्यु की घटना की मजिस्ट्रीरियल जॉच को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश से उन्हें नामित किया है। अंशू आरख की मृत्यु की घटना की नियमानुसार मजिस्ट्रीरियल जॉच वे कर रहे हैं। 15 दिन के अन्दर जॉच आख्या देने के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को अंशू आरख पुत्र नत्थू प्रसाद आर्यनगर की मृत्यु की घटना बाबत जिस किसी को साक्ष्य देना हो या बयान देना हो वे 30 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय आकर साक्ष्य या बयान दे सकते हैं।

## खनन योग्य गाटा का जल्द करें परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट 2024 के परीक्षण को सब डिवीजन्रल कमेटी की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को जारी एसओपी का संबंधित अधिकारी भली-भांति अध्ययन कर तहसीलवार खनन योग्य गाटा का परीक्षण कर कार्यवाही जल्द करें। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तुलसी जन्मस्थली में नहीं है परिवहन निगम का बसअड्डा

### यात्रियों को नहीं मिलती यातायात सुविधा

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** सूबे को उत्तम बनाने को सरकार की तमाम योजनायें चल रही हैं। तुलसी जन्मस्थली राजापुर में उप्र सड़क परिवहन निगम की उपेक्षा से बसअड्डा तक नहीं है। दो से 11 अगस्त तक तुलसी जन्म महोत्सव में दूर-दराज से साधु-संत विद्वान आते हैं।

बुधवार को तुलसी जन्मस्थली राजापुर गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली है। विकास से कोसों दूर है। कई बार भाजपा नेता अमित उर्फ दीपू मिश्रा व समाजसेवी सुनील मिश्रा, भाजपा नेता सतीश मिश्रा ने बताया कि 1970 में पूर्व मंत्री राधाकृष्ण गोस्वामी ने राजापुर में उप्र सड़क परिवहन निगम का बुकिंग ऑफिस खुलवाकर रोडवेज बसअड्डा बनवाया था। 2002 तक चलता रहा। 2002 के बाद शासन-प्रशासन व निगम की उपेक्षा से बसअड्डा व बुकिंग ऑफिस समाप्त हो गया। प्रदेश सरकार ने धर्म स्थलों को सड़कों व परिवहन से जोड़ने को कई योजनायें लागू की हैं। तुलसी की जन्म स्थली में रोडवेज बसों के यातायात को आंसू बहा रहा है। पूर्व में राजापुर से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व अन्य जिलों की यात्रा को रोडवेज बसें चलती थीं। वर्तमान सरकार ने रोडवेज बसें चलाई जा रही हैं, लेकिन ठहराव को कोई स्थान निश्चित नहीं है। इस क्षेत्र के यात्रियों को ये पता नहीं चलता कि लखनऊ डिपो, बांदा डिपो, प्रयाग डिपो, राठ डिपो, हमीरपुर डिपो, बांदा व चित्रकूट डिपो की बसें कब व कहां से आती-जाती हैं। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट प्रवास दौरान तुलसी जन्मस्थली राजापुर को विकसित करने को मंच से घोषणा की थी। घोषणाओं का अनुपालन आज तक प्रशासन ने नहीं कराया। गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली में उनकी हस्तलिखित श्रीराम चरितमानस व प्राचीन हनुमान मंदिर तथा तुलसी स्मारक दर्शन को देश के विभिन्न प्रान्तों से लोग आते रहते हैं।

उचित साधन न होने से भक्तगण कामतानाथ के दर्शन कर लौट जाते हैं। कस्बे के लोगों ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मांग किया कि राजापुर धर्मक्षेत्र होने से विश्व मानचित्र पटल पर राजापुर का नाम अंकित करायें। राजापुर को धर्मक्षेत्र घोषित करायें। कस्बे के राधेश्याम सोनी, उमेश केशरवानी, जुगराज केशरवानी, सुभाषचंद्र अग्रवाल, शंकरदयाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश केशरवानी, विकास मिश्रा, लल्लू मोदनवाल, सन्तोष गर्ग, भरतलाल जायसवाल, अशोक द्विवेदी, सुरेश जायसवाल, राकेश नामदेव, सोमनाथ अग्रवाल आदि ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि राजापुर में रोडवेज बसों का बुकिंग ऑफिस, बस अड्डा व कर्वी-राजापुर वाया, मऊ-प्रयागराज तथा चित्रकूट-राजापुर वाया, मानिकपुर रेलवे स्टेशन को रोडवेज बसें चलायी जायें।



रिजर्व में विचरण करते चीतल।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व वन्य जीवों से गुलजार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व उपनिदेशक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व वन्य जीवों से गुलजार है। कैमरे ट्रैप में विभिन्न स्थानों पर टाइगर, तेंदुआ, भालू, चीतल विचरण करते दिख रहे हैं। बुधवार को उन्होंने बताया कि ये समय वन्य जीवों के गर्भाधान का है। शाकाहारी वन्य जीव नये शावकों को जन्म देते हैं। उनकी सुरक्षा आवश्यक है। टाइगर रिजर्व में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों से अपील है कि किसी भी दशा में रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करें। अपने पालतू पशुओं को रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करने दें।

## 27 अक्टूबर लोसे आयोग परीक्षा को केन्द्र निर्धारित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम को राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा) परीक्षा 2024 के केंद्र निर्धारण बाबत बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसेवा आयोग से 27 अक्टूबर को परीक्षा सम्पन्न कराने को परीक्षा केंद्रों का निर्धारण करना है। जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाये हैं। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी व सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर बनाये गये हैं।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम एफआर उमेशचन्द्र निगम को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में ब्लॉक ए व ब्लॉक बी बनाये हैं। एडीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय से मानक अनुसार होने चाहिए। सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा संचालन, फर्नीचर, पेयजल, प्रकाश आदि व्यवस्थायें देखें। कोई विद्यालय ब्लैक लिस्ट तो नहीं है, ये भी देखें। परीक्षा संपन्न कराने को लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार व्यवस्था करायें। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते एडीएम।

## स्कूल हास्टल से भागे दो बच्चे चार घंटे में बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपहृत/गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में पुलिस ने आवासीय विद्यालय में मन न लगने पर दीवार कूदकर भागे दो बच्चों को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

ज्ञात है कि बुधवार को हेमचंद्र गुप्ता प्रधानाचार्य जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर ने सूचना दी कि विद्यालय में बोर्डिंग में रह रहे दो बच्चे आशीष (14) पुत्र अमर सिंह कालूपुर पाही कर्वी व करन कुमार (14) पुत्र ज्ञान सिंह गिरधार पुरवा अगरहुण्डा 22 जुलाई को विद्यालय आये। परिजन उन्हें छोड़कर चले गये। रात में दोनों बच्चे नौ बजे तक थे। 23 जुलाई को पता चला कि दोनों बच्चे हॉस्टल में नहीं हैं। गुमशुदगी दर्जकर बालकों की बरामदगी को प्रभारी निरीक्षक ने दरोगा राजोल नागर को सौंपी। पुलिस ने चार घंटे के अन्दर दोनों बच्चों को मालिन टंकी बहिलपुरवा मोड़ से पूर्वान्ह 11.40 पर बरामद कर लिया। पूंछने पर बताया कि उनका मन विद्यालय में नहीं लगता था। रात में दीवार फांदकर चले गये थे। आज कर्वी जा रहे थे। उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। मन न लगने पर चले गये थे। बच्चों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। टीम में दरोगा राजोल नागर, दरोगा पवन चौधरी व सिपाही जलील अहमद शामिल रहे।



परिजनों को सौंपते बच्चे।

## विकसित भारत में बच्चों के स्कूल जाने को नहीं है रास्ता



**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के पुरवा तरौंहा के मजरा गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा लेने वाले नौनिहालों को कीचड़ युक्त रास्ते से आवागमन करना पडता है। पुरवा तरौंहा प्रधान व सचिव ने कागजों में जमकर विकास किया है। जमीनी हकीकत कुछ और है। बुधवार को देश के प्रधानमंत्री जहां विकसित भारत बना रहे हैं, वहीं बच्चों को स्कूल जाने को आवागमन को रास्ता तक नहीं है। कीचडयुक्त रास्ते से बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। प्रधान व सचिव ने विकासशील गांव पुरवा तरौंहा को स्वच्छ भारत, सुंदर भारत बनाने को लाखों रुपये खर्च किये हैं। प्रधान-सचिव के गैर जिम्मेदाराना रवैये से बच्चों के स्कूल आवागमन को रास्ता तक नहीं है।

## काठमांडू विमान हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने भी गंवाई जान



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार सुबह हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले 18 लोगों में एक ही परिवार के तीन लोग भी हैं। इन तीन लोगों में दुर्घटनाग्रस्त विमान कंपनी के कर्मचारी, उसकी पत्नी और चार साल के बेटे शामिल हैं। वह पत्नी और बेटे को पोखरा घुमाने के लिए ले जा रहा था।
सौर्य एयरलाइंस के मुताबिक कंपनी के एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस डिपार्टमेंट का कर्मचारी मनुराज शर्मा भी पोखरा जा रहा था। विमान में आई तकनीकी खराबी के कारण इसकी मरम्मत के लिए उसे पोखरा ले जाया जा रहा था। एयरलाइंस की तरफ से बताया गया कि फ्लाइट मेंटेनेंस स्टाफ मनुराज शर्मा अपनी पत्नी प्रिजा खतिवडा और चार साल के बेटे अधिराज शर्मा के साथ यात्रा कर रहा था। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। प्रिजा भी सरकारी कर्मचारी थी और ऊर्जा मंत्रालय में सहायक कमप्यूटर अपरेटर के पद पर कार्यरत थी।
सौर्य एयरलाइंस ने इस विमान में मारे गए सभी यात्रियों को अपना कर्मचारी बताया है, लेकिन ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता नवीनराज सिंह के मुताबिक प्रिजा खतिवडा ऊर्जा मंत्रालय में कार्यरत थीं। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की तरफ से जारी सूची में भी इन तीनों के नाम का उल्लेख है।

## रोनाल्ड रोवे संभालेंगे अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की कमान, निदेशक चीटल का इस्तीफा



**वाशिंगटन।** अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 13 जुलाई को हुए कातिलाना हमले की उच्चस्तरीय जांच के बीच आखिरकार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल सीक्रेट सर्विस की कमान रोनाल्ड रोवे के हाथों में होगी। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बयान में कहा कि 13 जुलाई को जो कुछ हुआ, वह दोबारा नहीं होना चाहिए। इस बीच होमलैंड सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मयोरकास ने कहा है कि सीक्रेट सर्विस के उप निदेशक रोनाल्ड रोवे कार्यवाहक निदेशक के रूप में काम करेंगे। उनको एजेंसी में काम करने का 24 साल का अनुभव है।
व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दे दिया है।
इस पर राष्ट्रपति बाइडेन ने किम्बर्ली की दशकों की सार्वजनिक सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि किम्बर्ली चीटल ने देश की रक्षा के लिए निस्वार्थ रूप से समर्पित होकर कई बार अपना जीवन जोखिम में डाला।
उल्लेखनीय है कि चीटल सोमवार को प्रतिनिधि सभा के सामने पेश हुई थीं। इस दौरान उन्हें तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने सांसदों के कई सवालों के जबाव नहीं दिए। इस पर कई रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों ने उनसे इस्तीफा देने की मांग की। इसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि वह अपना पद छोड़ देंगी।

## आतंकवादियों ने इस देश में मचाया उत्पात, 26 लोगों को उतारा मौत के घाट -




**बामाको :** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के डेम्बो गांव में सशस्त्र आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए. स्थानीय अधिकारियों ने ये जानकारी दी है. नाम न बताने की शर्त पर एक स्थानीय अधिकारी ने मंगलवार सुबह टेलीफोन पर शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, "इन निर्दोष लोगों की हत्या सशस्त्र लोगों ने की, जिन्होंने उन खेतों में आतंक और हिंसा फैलाई, जहां ग्रामीण कृषि कार्य कर रहे थे." स्थानीय अधिकारियों ने कहा, "यह एक और नरसंहार है, जो हमारे दुख को और गहरा करता है और इस भावना को मजबूत करता है कि हमारी आबादी इन सशस्त्र आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे में है." शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि हाल के महीनों में , सेंट्रल माली में नागरिकों पर हमले बढ़े हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में बड़ा विमान हादसा, 18 की मौत



**नई दिल्ली।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह सौर्य एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। सौर्य एयरलाइंस का यह विमान 9एन-एएमई (सीआरजे 200) पूर्वाह्न करीब 11 बजे काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरा था।
विमान में तकनीकी कर्मचारियों और चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। विमान के चालक दल में कैप्टन मनीष शाक्य और सह-पायलट सुशांत कटुवाल थे। इसके अलावा 17 अन्य लोगों में अमित मान महार्जन, सागर आचार्य, दिलीप वर्मा, मनु राज शर्मा, अश्विन निरौला, सुदीप लाल जोशी, सर्वेश मारसैंण, श्याम बिंदुकर, नवराज आले, राजाराम आचार्य, प्रिजा कटिवाडा, अधिराज शर्मा, उद्धब पुरी, यज्ञ प्रसाद पौडवाल, संतोष महतो, पुण्य रत्न साही और आरेफ रेडा थे। पुलिस ने बताया कि विमान को पोखरा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर रखरखाव के लिए ले जाया जा रहा था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार सौर्य एयरलाइंस का सीआरजे7 (फ्री-9ठअटए) विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 11:11 बजे पोखरा के लिए काठमांडू से उड़ान भरने के बाद दाएं मुड़ा और रनवे के पूर्वी हिस्से में एक जगह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में आग लग गई। दुर्घटना होने के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। हालांकि विमान में लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है। 18 लोगों के शव बरामद किए गए हैं और एक घायल व्यक्ति को बचाकर अस्पताल ले जाया गया है।

# काठमांडू में हैंगर उपलब्ध ना होने के कारण पोखरा में होनी थी विमान की मरम्मत



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बुधवार को हुए विमान हादसे के पीछे के कारणों से अब एक-एक कर पर्दा उठ रहा है। पहले तो विमान के इंजन में कुछ तकनीकी खराबी की बात कही गई थी लेकिन अब काठमांडू में हैंगर उपलब्ध नहीं होने के कारण ही टेक्निकल टीम सहित विमान को पोखरा भेजे जाने की बात कही जा रही है। काठमांडू में सिर्फ बुद्ध एयर का हैंगर है जिसमें दूसरे कंपनियों के विमान मरम्मत का काम नहीं होता है।
सौर्य एयरलाइंस के मुताबिक काठमांडू में हैंगर उपलब्ध नहीं होने के कारण टेक्निकल टीम के साथ इस विमान को पोखरा भेजा जा रहा था। इस विमान में सौर्य एयरलाइंस के सेफ्टी इंचार्ज से लेकर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर और अन्य टेक्निकल स्टाफ मौजूद थे। इस विमान के तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने पोखरा हवाईअड्डे पर रहे अपने हैंगर को एक महीने के लिए उपलब्ध कराया था।
पोखरा विमानस्थल के मैनेजर योगेन्द्र कुंवर ने बताया कि सौर्य एयरलाइंस के विमान की मरम्मत के लिए हैंगर उपलब्ध कराया गया था। मंगलवार को ही इस विमान के मरम्मत के लिए हैंगर उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ था। इसी निर्णय के बाद आज सौर्य एयरलाइंस के विमान को पोखरा भेजा रहा था। विमान के मरम्मत के लिए एक महीने का समय दिया गया था।
त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने कहा कि सौर्य एयरलाइंस के इस विमान की मरम्मत के लिए पिछले हफ्ते आवेदन दिया गया था और मंगलवार को परमिशन मिलने के बाद अपने टेक्निकल टीम सहित विमान ने उड़ान भरी थी। काठमांडू हवाईअड्डे पर हैंगर उपलब्ध नहीं होने के कारण विमानों की मरम्मत के लिए पोखरा और नेपालगंज के हैंगर में जगह दिया जाता है। चूंकि नेपालगंज दूर पड़ता है इसलिए विमानन कंपनी पोखरा को प्राथमिकता देती हैं।

# इक्कीस साल पुराना था काठमांडू में दुर्घटनाग्रस्त हुआ सौर्य एयरलाइंस का विमान



**काठमांडू।** नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ सौर्य एयरलाइंस का विमान (9एन-एएमई) 21 साल 4 महीने पुराना था। बॉम्बार्डियर सीआरजे 200 सीरीज का यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल में बनाया गया था।
त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा के मुताबिक सबसे पहले इस विमान को अमेरिका की अटलांटिक कोस्ट एयरलाइंस ने मई 2003 में खरीदा था। खरीदने के 15 महीने बाद अगस्त 2004 में अमेरिका की इंडिपेंडेंस एयर ने इसका स्वामित्व ले लिया। इंडिपेंडेंस एयर ने जून 2007 तक इस विमान को उड़ाया था। इसके बाद जुलाई 2007 में नाइजीरिया के एरिक एयर ने इस विमान को खरीदा। एरिक ने इसे खरीदने के करीब नौ महीने बाद अप्रैल 2008 में साउथ अफ्रीकन एक्सप्रेस एयर को बेच दिया। करीब 9 साल के बाद साउथ अफ्रीकन एयर से इस विमान को अमेरिकी लीजिंग कंपनी एरोलीज ने जनवरी 2017 में खरीदा था। नेपाल के सौर्य एयरलाइंस ने इसे मार्च 2017 में खरीदा। सौर्य एयर को यह विमान उड़ाते हुए 6 साल हो गए थे।
21 वर्ष 4 महीने पुराना यह विमान बुधवार को उस समय हादसे का शिकार हो गया जब इसके इंजन टेस्टिंग के लिए टेक्निकल टीम के साथ पोखरा ले जाया जा रहा था। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर टेक ऑफ करने के कुछ सेकेंड बाद ही यह जमीन पर गिर गया जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे में जान गंवाने वालों में अधिकांश एयरलाइंस के सेफ्टी एवं मेंटेनेंस कर्मचारी थे।
त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि पुराने विमानों के उड़ान को लेकर सरकार नए सिरे से विचार कर रही है। 20-25 साल पुराने विमान के संचालन पर रोक लगाने को लेकर सरकार ने एक समिति बनाए जाने की बात कही है।

## सोलह मामलों में दोषी न्यूजर्सी के डेमोक्रेट सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज का इस्तीफा



**वाशिंगटन।** रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के 16 मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद आखिरकार न्यूजर्सी के डेमोक्रेट सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। रॉबर्ट मेनेंडेज ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा न्यूजर्सी के गवर्नर फिलिप डी. मर्फी को भेज दिया। यह जानकारी द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दी गई है।
द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद उनपर डेमोक्रेटिक सहयोगियों की तरफ से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा है कि मैनहट्टन की संघीय जूरी के पिछले सप्ताह सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। उल्लेखनीय है कि सीनेट एथिक्स कमेटी के निष्कासित करने से पहले उन्होंने अपना कार्यकाल महीनों पहले छोड़ने का विकल्प चुना
उल्लेखनीय है कि उन्हें मिस्त्र के एजेंट के तौर पर काम करने के आरोप में भी दोषी ठहराया गया है। रॉबर्ट मेनेंडेज को शक्तिशाली डेमोक्रेट माना जाता है। 70 वर्षीय मेनेंडेज सातवें ऐसे सीनेटर हैं, जिन्हें पद पर रहते हुए संघीय अपराध का दोषी पाया गया है। इन मामलों में उन्हें कितनी सजा मिलेगी यह अक्टूबर में तय होगा। 29 अक्टूबर को न्यायाधीश सिडनी एच स्टीन सजा सुनाएंगे।

## ताइवान में तूफान 'गेमी' का जमीन से आसमान तक असर



**ताइपे।** ताइवान में 'तूफान गेमी' का जमीन से लेकर आसमान तक असर दिख रहा है। आम जनजीवन ठप है। बाजारों को बंद करा दिया गया है। कामकाजी लोगों को छुट्टी दे दी गई। एयरलाइन कंपनियों ने उड़ानें भी रद्द कर दी हैं। मूसलाधार बारिश और तेज हवा के पूवार्नुमान के दौरान होने वाली तबाही से निपटने के लिए सेना को चौकस किया गया है।
फोकस ताइवान सीएनए इंग्लिश न्यूज और ताइपे टाइम्स के अनुसार, केंद्रीय मौसम प्रशासन ने कहा है कि गेमी के आज शाम पूर्वोत्तर तट पर टकराने की उम्मीद है। फिलहाल इसे मध्यम-शक्ति वाले तूफान के रूप में वगीर्कृत किया गया है। इसके बाद गेमी के ताइवान जलडमरूमध्य के पार जाने की संभावना है। शुक्रवार दोपहर बाद यह दक्षिणपूर्वी चीनी प्रांत फुजियान से टकराएगा। इसकी तीव्रता के मद्देनजर ताइवान में सारे स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। तेज बारिश से राजधानी ताइपे की सड़कें सुनसान हो गई हैं। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि 27 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ लगभग सभी घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।
फोकस ताइवान सीएनए इंग्लिश न्यूज के अनुसार केंद्रीय मौसम प्रशासन ने कहा है कि गेमी बुधवार सुबह ताइवान के पूर्वी हिस्से पर पहुंच गया। यह तेजी से देश की ओर बढ़ रहा है। हवा की गति 250 किलोमीटर प्रति घंटा है। बुधवार आधी रात यह पूर्व में यिलान और हुलिएन काउंटी में तबाही मचा सकता है। इससे होने वाले भूस्खलन से गुरुवार सुबह तक सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है।
केंद्रीय मौसम प्रशासन के विज्ञानी लियू यू-ची ने कहा कि यिलान में बुधवार आधीरात तक तेज हवा चलने की उम्मीद है। इस दौरान हुलिएन काउंटी के लोगों को सतर्क रहना होगा। गेमी के प्रभाव से 24 घंटे में 350 मिली मीटर से अधिक वर्षा हो सकती है।
ताइपे टाइम्स के अनुसार, स्थानीय सरकारों ने कल रात घोषणा की कि तूफान गेमी के कारण ताइपे, न्यू ताइपे शहर, ताओयुआन, ताइनान, कीलुंग, सिंचू और काऊशुंग, साथ ही यिलान, हुलिएन, सिंचु, मियाओली, चियायी, पिंगटुंग, पेंघु और लियानचियांग काउंटी में स्कूल और कार्यालय आज बंद रहेंगे।

## पैसिफिक रिंग ऑफ फायर के पहाड़ी क्षेत्र पापुआ में आया 5.3 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र पापुआ प्रांत में बुधवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 रही है. इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने भूकंप के बारे में जानकारी दी. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के झटके जकार्ता के समयानुसार सुबह 07:22 बजे महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र मम्बरमो तेंगाह रीजेंसी से 96 किमी उत्तर-पूर्व में रहा. भूकंप का केंद्र जमीन से अंदर 26 किमी की गहराई में बताया जा रहा है।

# ट्रंप पर जानलेवा हमले के मामले में खुफिया सेवा की प्रमुख किंबरले चीटल ने दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले में अमेरिकी खुफिया सेवा की निदेशक किंबरले चीटल ने अपनी गलती मानते हुए मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। खुफिया सेवा की पूर्व प्रमुख चीटल ने विभाग के सहयोगियों को किए गए ई-मेल में यह जानकारी दी। चीटल ने मंगलवार को ई-मेल में कहा, "मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। हाल की घटनाओं के मद्देनजर, भारी मन से मैंने निदेशक पद से इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लिया है।"
ट्रंप पर हमले की घटना के बाद से



ही खुफिया सेवा पर गंभीर चूक करने के आरोप लग रहे थे। इसे लेकर अगस्त, 2022 से ही निदेशक पद संभाल रहीं चीटल पर इस्तीफा देने को लेकर भारी दबाव था। एक दिन पहले ही चीटल ने सांसदों के समक्ष स्वीकार किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने की घटना के बाद से ह्यह्यसबसे गंभीर सुरक्षा चूक है। चीटल ने ट्रंप की हत्या के प्रयास को लेकर सदन की निगरानी व जवाबदेही समिति के समक्ष अपनी पेशी के दौरान यह बात स्वीकार की, जिसमें शामिल दो भारतीय अमेरिकी सांसदों राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना समेत विभिन्न संसद सदस्यों ने उनसे सवाल पूछे। चीटल ने कहा कि 13 जुलाई को हुए हत्या के प्रयास के मामले में उनकी एजेंसी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा के अपने मिशन में नाकाम रही।